Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 37 | गुरुवार, 06 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-14 | मूल्य-एक रुपया

## दिल्ली विधानसभा चुनाव

# राजधानी में 60 .44 फीसदी मतदान, अब दो दिन दावों और कयासों के 8 को आएंगे नतीजे

**नई दिल्ली।**

इस बार के विधानसभा चुनाव में हुए मतदान की तुलना करें तो यह 2008 के विधानसभा चुनाव के मतदान तीन फीसदी अधिक हुआ है। वहीं पिछले विधानसभा 2020 में 62.55 फीसदी मतदान हुआ था। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार को मतदान में 60.44 फीसद का मतदान हुआ। शाम छह बजे तक मतदान हुआ।

हालांकि तय समय तक जिस भी मतदान केंद्र पर कतारें लगी रही वहां पर सभी मतदाताओं का मतदान कराया गया। लेकिन दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी कर्यालय की ओर से देर रात 11 बजे तक यह नहीं बताया जा सका कि मतदान समाप्त होने तक कितने फीसदी मतदान हुआ है। लेकिन सूत्रों से पता चला है कि 60.44 फीसद का मतदान हुआ है। साल 2008 के विधानसभा चुनाव में 57.58 फीसदी मतदान हुआ था। ऐसे में इस बार के विधानसभा चुनाव में हुए मतदान की तुलना करें तो यह 2008 के विधानसभा चुनाव के मतदान तीन फीसदी अधिक हुआ है। वहीं पिछले विधानसभा 2020 में 62.55 फीसदी मतदान हुआ था। इस बार के विधानसभा चुनाव कराने के लिए दिल्ली में कुल 13,766 मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे, जिनमें 733 सहायक मतदान केंद्र भी रहे। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शाम 6 बजे तक चला। सभी मतदान केंद्रों को मतदाताओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था। 70 मतदान केंद्रों को महिलाओं, दिव्यांगों और युवाओं द्वारा संचालित किया गया, जिससे इन वर्गों को प्रेरणा और समान अवसर मिले। सभी मतदान केंद्रों पर लाइव वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी रखी गई।




### इतने हैं मतदाता...

कुल मतदाता :–
15614000
पुरुष :–8376173
महिला :–7236560
अन्य :–1267

पूर्व में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में किस साल कितना प्रतिशत मतदान हुआ

2020 में 62.55
2015 में 67.13
2013 में 65.63
2008 में 57.58
2003 में 53.42
1998 में 48.99
1993 में 61.75
(नोट : आंकड़े प्रतिशत में हैं)

# राघव चड्ढा का आरोप, रिलीवर को मतदान केंद्र में नहीं जाने दिया जा रहा

**नई दिल्ली।**



चड्ढा ने कहा कि मतदान केंद्र के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी हमारे रिलीवर को अंदर नहीं जाने दे रहे हैं। अगर रिलीवर अंदर नहीं गया और हमारा पोलिंग एजेंट बाहर नहीं आया तो कितनी वोटिंग हुई?

आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने बुधवार को आरोप लगाया कि मतदान केंद्रों के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी उनके रिलीवर्स को मतदान केंद्र के अंदर नहीं जाने दे रहे हैं। चड्ढा ने दावा किया कि उन्हें नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के लगभग आधे बूथों पर ऐसी कई शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा कि रिलीवर और पोलिंग एजेंट दोनों को पोलिंग एजेंट का दर्जा दिया जाता है। लेकिन नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में कई जगहों से ऐसी शिकायतें आ रही हैं. लगभग आधे बूथों पर यह शिकायत आ रही है कि रिलीवर को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। चड्ढा ने कहा कि मतदान केंद्र के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी हमारे रिलीवर को अंदर नहीं जाने दे रहे हैं। अगर रिलीवर अंदर नहीं गया और हमारा पोलिंग एजेंट बाहर नहीं आया तो कितनी वोटिंग हुई? क्या उस बूथ पर कोई फर्जी वोटिंग या किसी तरह का विवाद हुआ था? ईवीएम ठीक से काम कर रही है या नहीं, ये सारी बातें आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आ सकतीं। इस बात पर जोर देते हुए कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष होने चाहिए, चड्ढा ने कहा कि पार्टी जिला चुनाव अधिकारी के संपर्क में है और उनसे अनुरोध किया है कि वे अपने रिलीवर्स को मतदान केंद्रों के अंदर जाने की अनुमति दें। इसके अलावा, उन्होंने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त, मुख्य चुनाव अधिकारी दिल्ली और डीएम, नई दिल्ली को लिखित रूप में अपने दावे प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए मैं पूरे प्रशासन से मांग करने आया हूं. हमने जिला निर्वाचन अधिकारी से भी बात की है, हमने उनसे अनुरोध किया है कि हमारे रिलीवर को अंदर जाने की अनुमति दी जाए। सभी के लिए समान अवसर होना चाहिए और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए।

**केजरीवाल बोले- ये तो हद हो गई**

### महाकुंभ जाने की तैयारी में कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार



**नई दिल्ली।** शिवकुमार कर्नाटक में विपक्ष के नेता आर अशोक की टिप्पणियों का जवाब दे रहे थे, जिन्होंने कुंभ मेले में जाने की उनकी योजना पर सवाल उठाया था और इसे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हालिया बयान से जोड़ने का प्रयास किया था। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में जाने की अपनी योजना पर आलोचना का जवाब देते हुए कहा कि किसी को भी उनकी व्यक्तिगत मान्यताओं और भक्ति पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है। शिवकुमार कर्नाटक में विपक्ष के नेता आर अशोक की टिप्पणियों का जवाब दे रहे थे, जिन्होंने कुंभ मेले में जाने की उनकी योजना पर सवाल उठाया था और इसे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हालिया बयान से जोड़ने का प्रयास किया था।

### 300-400 फर्जी मतदाता लाए गए

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी (आप) ने छद्म वोट डालने के लिए बुर्का पहनकर महिलाओं को लाकर फर्जी मतदान कराया। इसके बाद मतदान केंद्र पर हंगामा मच गया तथा आप और भाजपा कार्यकर्ता आमने–सामने हो गए।

पूर्वोत्तर दिल्ली के सीलमपुर में एक मतदान केंद्र पर उस समय हंगामा मच गया जब एक महिला मतदाता ने आरोप लगाया कि किसी ने उसके नाम पर वोट डाला है, जिससे भाजपा एजेंटों और मतदाताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी (आप) ने छद्म वोट डालने के लिए बुर्का पहनकर महिलाओं को लाकर फर्जी मतदान कराया। इसके बाद मतदान केंद्र पर हंगामा मच गया तथा आप और भाजपा कार्यकर्ता आमने–सामने हो गए। सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र में कथित फर्जी वोटिंग को लेकर भाजपा कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

# 13 हजार निवेशकों से ठगी, 5600 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला

**नई दिल्ली।**

ईडी ने बताया कि 28 जनवरी को अभियोजन पक्ष की शिकायत मुंबई में विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) मामलों की विशेष अदालत के समक्ष 19 ब्रोकिंग इकाइयों और उनके निदेशकों के खिलाफ दायर की गई थी। इन पर एनएसईएल अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर निवेशकों को इस प्लेटफार्म पर व्यापार करने के लिए प्रलोभन देने का आरोप है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड (एनएसईएल) से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नया आरोपपत्र दाखिल किया है। यह मामला करीब 13,000 निवेशकों से 5,600 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का है। ईडी ने बताया कि 28 जनवरी को अभियोजन पक्ष की शिकायत मुंबई में विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) मामलों की विशेष अदालत के समक्ष 19 ब्रोकिंग इकाइयों और उनके निदेशकों के खिलाफ दायर की गई थी। इन पर एनएसईएल अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर निवेशकों को इस प्लेटफार्म पर व्यापार करने के लिए प्रलोभन देने का आरोप है। एजेंसी ने बताया कि अदालत ने तीन फरवरी को आरोपपत्र पर संज्ञान लिया। ईडी ने पहले ही इस जांच के तहत 94 आरोपियों के खिलाफ छह आरोपपत्र दायर किए हैं और 3,288 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की है। ईडी ने बताया कि जांच में खुलासा हुआ कि ब्रोकिंग कंपनियों ने एनएसईएल में पंजीकरण कराने के बाद एक्सचेंज के बारे में ह्यझूठेह्व आश्वासन देकर अपने ग्राहकों को गुमराह किया तथा अवैध व्यापार अनुबंधों को बढ़ावा दिया, जिनकी उन्हें इसकी अनुमति नहीं थी।




### ट्रंप ने पीएम मोदी को दिया व्हाइट हाउस आने का न्योता

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी पेरिस में एआई पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की सह अध्यक्षता करने के बाद 12 और 13 फरवरी को दो दिन की यात्रा पर वाशिंगटन जाने वाले हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अगले हफ्ते व्हाइट हाउस आने का न्योता दिया है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी पेरिस में एआई पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की सह अध्यक्षता करने के बाद 12 और 13 फरवरी को दो दिन की यात्रा पर वाशिंगटन जाने वाले हैं।

### सार्वजनिक नियोक्ता को केवल संभावनाओं की अधिकता साबित करनी होगी

**नई दिल्ली।**



शीर्ष अदालत ने इस टिप्पणी के साथ कलकत्ता हाईकोर्ट की खंडपीठ के 2012 के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के पूर्व सहायक अभियंता (सिविल) प्रदीप कुमार बनर्जी की बर्खास्तगी को खारिज कर दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक नियोक्ताओं को अनुशासनात्मक कार्यवाही के दौरान कदाचार सिद्ध करने और दोषी कर्मचारी को बर्खास्त करने के लिए सिर्फ संभावनाओं की अधिकता साबित करनी होगी। यह आपराधिक मुकदमों में आवश्यक उचित संदेह से परे साबित करने की तुलना में कम कठोर मानक है। शीर्ष अदालत ने इस टिप्पणी के साथ कलकत्ता हाईकोर्ट की खंडपीठ के 2012 के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के पूर्व सहायक अभियंता (सिविल) प्रदीप कुमार बनर्जी की बर्खास्तगी को खारिज कर दिया गया था। पीठ ने एएआई के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि बनर्जी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई उचित थी। यह महत्वपूर्ण फैसला सार्वजनिक नियोक्ताओं के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकता है, जो अनुशासनात्मक कार्यवाही के तहत कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त कर सकते हैं, भले ही कर्मचारी परिणामी आपराधिक मामलों में बरी हो गए हों।

### नर्स ने घाव पर टांके लगाने की जगह लगा दी फेविक्विक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के एक सरकारी अस्पताल में घाव पर टांके लगाने की जगह फेविक्विक का इस्तेमाल करने वाली नर्स को निलंबित कर दिया गया है। उन्हें निलंबित करने का निर्णय बुधवार को राज्य सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बुलाई गई बैठक में लिया गया। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सेवाओं के आयुक्त कार्यालय के एक बयान के अनुसार कि फेविक्विक एक चिपकने वाला पदार्थ है जिसे नियमों के तहत चिकित्सा उपयोग के लिए अनुमति नहीं है।

# मुंबई-दिल्ली-कोलकाता रेल रूट कवच सिस्टम से होगा लैस

**नई दिल्ली।**

रेलवे बोर्ड ने दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-कोलकाता मार्ग पर स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' लगाने की समय सीमा मार्च से बढ़ाकर दिसंबर 2025 कर दी है। बोर्ड द्वारा साझा किए गए बजट दस्तावेज के अनुसार, नई दिल्ली-मुंबई और नई दिल्ली-कोलकाता के तीन हजार किलोमीटर मार्ग पर कवच संस्करण 4.0 के लिए पटरी के किनारे उपकरण लगाने की प्रक्रिया दिसंबर, 2025 तक पूरी हो जाएगी। रेल मंत्रालय ने पिछले साल सात अगस्त को कहा था कि इस मार्ग को कवच से लैस करने का कार्य मार्च 2025 तक पूरा हो जाएगा। बजट दस्तावेज के अनुसार, भारतीय रेलवे ने 2020 में स्वदेशी रूप से विकसित कवच को राष्ट्रीय एटीपी प्रणाली के रूप में अपनाया है। जुलाई 2024 में कवच संस्करण 4.0 के लिए स्वदेशी विकास विनिर्देश को मंजूरी दी गई थी। 10 हजार इंजन पर कवच लगाने का काम शुरू हो चुका है। रेलवे के अनुसार, कवच एक जटिल प्रौद्योगिकी है, जिसमें कई घटक शामिल हैं। जैसे कि पूरे रेलखंड पर लगाए जाने वाले आरएफआइडी टैग, पूरे सेक्शन में दूरसंचार टावर, पटरी के साथ आप्टिकल फाइबर केबल और प्रत्येक लोकोमोटिव पर लोको कवच।



### अमृत भारत ट्रेनों का होगा निर्माण

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा था कि बजट में रेलवे को बेहतर बनाने के लिए सरकार के प्रयासों को जारी रखा गया है। इसके लिए 2.52 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं और 17,500 सामान्य कोच, 200 वंदे भारत और 100 अमृत भारत ट्रेनों के निर्माण जैसी परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

# दिल्ली-एनसीआर में बढ़ी ठंड, यूपी-बिहार में बारिश का अलर्ट



**नई दिल्ली।**

मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी है। कभी तापमान में तेजी तो कभी आसमान में बादल छाए रहने से तापमान में भी उतार चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। बुधवार को उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में दिनभर आसमान साफ होने के साथ अच्छी धूप निकली। इस दौरान हवा चलती रहने से ठंडक बनी रही। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार दिल्ली-यूपी में बृहस्पतिवार तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। सुबह के समय हवा शांत रहीं तो कोहरा छा सकता है। आने वाले दिनों में संपूर्ण इलाके में एक बार फिर से उत्तरी बफीर्ली हवा चलने से दिन और रात के तापमान में गिरावट आने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार समेत कई राज्यों में बारिश और कोहरे का अलर्ट है।

सप्ताहांत में पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में हल्की बारिश/बर्फबारी की गतिविधि होने की संभावना है। शेष सभी क्षेत्रों में शुष्क मौसम रहेगा। जहां तक पारे के स्तर की बात है, इस अवधि के दौरान भारत में अधिकतम तापमान सामान्य के करीब या उससे ऊपर रहेगा, जबकि गुजरात और आसपास के क्षेत्रों में सामान्य से कम तापमान होगा और गुरुवार के बाद मध्य और पूर्वी भारत में इसका विस्तार होगा। इस अवधि के दौरान भारत के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी ऊपर रहेगा।

# मनीष सिसोदिया ने पैसे बांटने का लगाया आरोप, पुलिस ने किया खारिज

**नई दिल्ली।**

जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र से आप उम्मीदवार मनीष सिसोदिया के ट्वीट पर कहा कि भाजपा खुलेआम मतदाताओं को एक इमारत में ले जा रही थी और पैसे बांट रही थी। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने इसे खारिज कर दिया है।

दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए बुधवार को सुस्त मतदान के बीच, सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा के बीच तनाव बढ़ गया क्योंकि उन्होंने मतदान केंद्रों पर नकदी वितरण और मतदाता धोखाधड़ी के आरोप लगाए। दिल्ली में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है। वहीं, मौजूदा सरकार को सत्ता से हटाने का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा और राष्ट्रीय राजधानी में राजनीतिक पुनरुत्थान की उम्मीद कर रही कांग्रेस के बीच तीन-तरफा कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र से आप उम्मीदवार मनीष सिसोदिया के ट्वीट पर कहा कि भाजपा खुलेआम मतदाताओं को एक इमारत में ले जा रही थी और पैसे बांट रही थी। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने इसे खारिज कर दिया है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि पैसे बांटने के आरोप प्रमाणित नहीं हो सके। स्थिति नियंत्रण में है और भ्रम दूर हो गया है। मनीष सिसोदिया की पुलिस के बहस भी हो गई। इस दौरान सिसोदिया के सामने ही मोदी-मोदा के नारे लगने लगे। हालांकि, पुलिस में माहौल को शांत कराने की कोशिश की। इस बीच, ग्रेटर कैलाश से आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि चिराग दिल्ली में लोगों को मतदान से रोका जा रहा है जबकि पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने आरोप लगाया कि जंगपुरा में एक घर से पैसे बांटे जा रहे हैं।



## संपादक की कलम से

### जबरन वापसी

यह विडंबना ही है कि पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों, मानव अधिकारों व आदर्श जीवन मूल्यों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई को बलपूर्वक अंजाम दिया है। सुनहरे सपनों की आस में घर–खेत दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये देकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति–नियंताओं की विफलता ही है कि हमारी युवा शक्ति दुनिया के विभिन्न देशों में लुट–पिटकर अपमानजनक स्थितियों का सामना कर रही है। कभी उन्हें पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधी बंधक बनाकर ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं, तो कभी उन्हें धोखे से बिचौलिए रूसी सेना में भर्ती करवा देते हैं। कभी उन्हें इस्राइल–हमास के भयावह युद्धग्रस्त इलाके में काम की तलाश में पहुंचा दिया जाता है।



ललित शर्मा
संपादक

लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार–चांद लगाए हैं। अंतरिक्ष में इतिहास रचने वाली कल्पना चावला से लेकर भारतवंशी कमला हैरिस, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से अमेरिका में उपराष्ट्रपति पद तक हासिल किया। यह विडंबना ही है कि मूलत: प्रवासियों द्वारा बसाये देश अमेरिका में आज सेना के बल पर बेहतर भविष्य की तलाश में आए प्रवासियों को खदेड़ा जा रहा है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार खड़ी करके सेना तैनात की जा रही है। यह विडंबना ही कि प्रधानमंत्री मोदी की वाशिंगटन यात्रा से कुछ दिन पहले एक अमेरिकी सैन्य विमान से दो सौ से अधिक कथित अवैध भारतीय प्रवासियों को जबरन वापस भारत लाया गया है। निश्चित रूप से संकीर्णतावादी सोच का पक्षधर ट्रंप प्रशासन दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ वैसा व्यवहार नहीं कर सकता जैसा कि वह अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरास, पेरू के प्रवासियों के साथ कर रहा है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई ह्यनिर्वासन उड़ानह्न विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने का प्रयास किया। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास किये। उन्होंने ट्रंप प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिये तैयार है।

# राहुल गांधी की देश-विरोधी बचकानी राजनीति

एक बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नीचा दिखाने के इरादे से ऐसा बयान दिया है जो भारत की साख को आघात लगाने वाला है बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता को ध्वस्त करने वाला है। राहुल गांधी किस तरह गैर जिम्मेदाराना बयान देने में माहिर हो गए हैं, यह इस कथन से फिर सिद्ध हुआ कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर इसलिए बार-बार अमेरिका जा रहे थे, ताकि भारतीय प्रधानमंत्री को डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में बुलाया जाए। राहुल गांधी मोदी-विरोध में कुछ भी बोले, यह राजनीति का हिस्सा हो सकता है, लेकिन वे मोदी विरोध के चलते देश-विरोध में जिस तरह के अनाप-शनाप दावे करते हुए गलत बयान देते हैं, वह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता एवं बचकानेपन को ही दशार्ता है। आखिर कब राहुल एक जिम्मेदार एवं विवेकवान प्रतिपक्ष के नेता बनेंगे?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राजनीति से हटकर भी गहरे व्यक्तिगत आत्मीय मित्रवत संबंध है, इसलिये उनका शपथ ग्रहण समारोह में बुलाने पर किसी तरह का संदेह नहीं हो सकता। लेकिन इस बात को लेकर राहुल के बयान पर हैरानी होना स्वाभाविक है। यही कारण है कि लोकसभा में संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने राहुल गांधी की इस विचित्र बात पर आपत्ति जताई, बल्कि विदेश मंत्री जयशंकर ने भी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि वह ऐसी बात कहकर भारत की छवि खराब करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी के झूठ का उद्देश्य राजनीतिक हो सकता है, लेकिन ऐसे झूठे, भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान से भारत की छवि को गहरा नुकसान हुआ है। यह तय है कि विदेशी मंत्री के प्रतिवाद का राहुल गांधी की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। ऐसी मिथ्या बातें करके वे प्रधानमंत्री पर हमला करने का कोई अवसर नहीं चुकते। वह प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी को कोई महत्व नहीं देते। आखिर यह किसी से छिपा नहीं कि वह उनके खिलाफ तू-तड़ाक वाली अशालीन एवं अमर्यादित भाषा का उपयोग करते रहे हैं। विडंबना यह है कि इस आदत का परित्याग वह नेता प्रतिपक्ष का पद हासिल करने के बाद भी नहीं कर पा रहे हैं। समस्या केवल यह नहीं कि वह प्रधानमंत्री पद की गरिमा की परवाह नहीं करते। समस्या यह भी है कि वह प्राय: ऐसी बचकानी बातें कर जाते हैं, जो राष्ट्रीय हितों के प्रतिकूल होती हैं या दूसरे देशों से संबंधों पर बुरा असर डालती हैं।

राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं और उन्होंने अन्य सांसदों की ही तरह देश की अखंडता और एकता की रक्षा करने की शपथ ली थी, लेकिन उनके द्वारा समय-समय पर दिये गये वक्तव्य एवं टिप्पणियां पूरी तरह से राष्ट्र विरोधी है। ऐसा लगता है कि राहुल गांधी भारत विरोधी अलगाववादी समूह के नेता बनने की राह पर अग्रसर हैं और उनका इरादा भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को नष्ट करना और देश को गृहयुद्ध की ओर धकेलना है। इस तरह राहुल गांधी द्वारा देश में विभाजन के बीज बोने के प्रयास निंदनीय ही नहीं, घोर चिन्तनीय है। सत्ता के लालच में कांग्रेस एवं उनके नेता देश की अखंडता के साथ समझौता और आम आदमी के भरोसे को तोड़ने से बाज नहीं आ रहे हैं। राहुल के बयानों से ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी लड़ाई सिर्फ भाजपा और आरएसएस से नहीं, बल्कि भारत से है। राहुल गांधी अक्सर भारत राष्ट्र अर्थात भारत के संविधान यानी आंबेडकर के संविधान के खिलाफ विषवमन करते दिखाई देते हैं। गांधी परिवार की ह्यमुंह में राम और बगल में छुरी वाली कहावत जनता के सामने बार-बार आती रही है। आंबेडकर के अस्तित्व को नकार कर भारत के संविधान को बदलने के बाद गांधी परिवार देश का विभाजन, दुश्मन देश के नेताओं एवं शक्तियों के सपनों का टुकड़ों वाला भारत चाहता है। आखिर राहुल गांधी और कांग्रेसी किस बात के लिए संविधान की प्रति लेकर चलते हैं? इस तरह एक गैर जिम्मेदार और बचकाने नेता का लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होना क्या देश का दुर्भाग्य नहीं है? राहुल गांधी को गंभीर



आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है।

राहुल गांधी अपने आधे-अधूरे, तथ्यहीन एवं विध्वंसात्मक बयानों को लेकर निरन्तर चर्चा में रहते हैं। उनके बयान हास्यास्पद होने के साथ उद्देश्यहीन एवं उच्छृंखल भी होते हैं। राहुल ने पहले भी बातों-बातों में यह कहा था कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। वह देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता हैं। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है। राजनीतिक रूप से यह उनका कर्तव्य भी है। लेकिन चीन के साथ उनकी सहानुभूति अनेक प्रश्नों को खड़ा करती है। ऐसे ही सवालों में आज तक इस सवाल का जवाब भी नहीं मिला कि आखिर राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से चंदा लेने की जरूरत क्यों पड़ी? वह यह नहीं बताते कि 2008 में अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान सोनिया गांधी और उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी से समझौता क्यों किया था? इतना ही नहीं, जब राहुल गांधी राफेल विमान सौदे में कथित दलाली खोज लाए थे, तो यहां तक कह गए थे कि खुद फ्रांस के राष्ट्रपति ने उन्हें बताया था कि दोनों देशों में ऐसा कोई समझौता नहीं, जो राफेल विमान की कीमत बताने से रोकता हो। उनके इस झूठ का खंडन फ्रांस की सरकार को करना पड़ा था। डोकलाम विवाद के समय वह भारतीय विदेश मंत्रालय को सूचित किए बिना किस तरह चीनी राजदूत से मुलाकात करने चले गए थे। जब इस मुलाकात की बात सार्वजनिक हो गई तो उन्होंने यह विचित्र दावा किया कि वह वस्तुस्थिति जानने के लिए चीनी राजदूत से मिले थे। क्या इससे अधिक गैरजिम्मेदाराना हरकत और कोई हो सकती है?

राहुल गांधी के गैरजिम्मेदाराना बयानों से यही पता चलता है कि उन्हें न तो प्रधानमंत्री की बातों पर यकीन है, न रक्षा मंत्री की और न ही विदेश मंत्री की। यह भी स्पष्ट है कि उन्हें शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर भी भरोसा नहीं। ध्यान रहे, वह सर्जिकल और एयर स्ट्राइक पर भी बतूके सवाल खड़े कर चुके हैं। उनकी कार्यशैली एवं बयानबाजी में अभी भी बचकानापन एवं गैरजिम्मेदाराना भाव ही झलकता है। लगता है कांग्रेस के शीर्ष नेता एवं प्रतिपक्ष के नेता होने के कारण वे अहंकार के शिखर पर चढ़ बैठे हैं, निश्चित ही राहुल के विष-बुझे बयान इसी राजनीतिक अहंकार से उपजे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत के सबसे बड़े दुश्मन राष्ट्र की वे तरफदारी करते एवं चीन के एजेंडे को बल देते नजर आते हैं। उनका यह रवैया नया नहीं, लेकिन यह देश के लिये घातक है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाए जाने के मोदी सरकार के फैसले की राहुल गांधी की अनावश्यक आलोचना को पाकिस्तान ने अपने पक्ष में भुनाने का काम किया था। अब भी वह सीमा विवाद पर चीन की बातों को अहमियत देते हैं और भारत सरकार की जानकारी पर यकीन नहीं करते। जनता यह गहराई से देख रही है कि राहुल किस तरह गलवान में हमारे सैनिकों की वीरता-शौर्य-बलिदान पर सवाल उठाते रहे हैं, भारत की बढ़ती साख, सुरक्षा एवं विकास की तस्वीर को बट्टा लगा रहे है। यह समझ आता है कि वह घरेलू मुद्दों पर सरकार को घेरें और उसकी आलोचना करें, लेकिन कम से कम ऐसी निराधार और मनगढ़ंत बातें तो न करें, जिससे प्रधानमंत्री पद का उपहास उड़े, देश हित आहत हो।

उल्लेखनीय बात यह है कि निन्दक एवं आलोचक कांग्रेस को सब कुछ गलत ही गलत दिखाई दे रहा है। मोदी एवं भाजपा में कहीं आहट भी हो जाती है तो कांग्रेस में भूकम्प-सा आ जाता है। मजे की बात तो यह है कि इन कांग्रेसी नेताओं को मोदी सरकार की एक भी विशेषता दिखाई नहीं देती, कितने ही कीर्तिमान स्थापित हुए हो, कितने ही आयाम उद्घाटित हुए हो, कितना ही देश को दुश्मनों से बचाया हो, कितनी ही सीमाओं एवं भारत भूमि की रक्षा की हो, कितना ही आतंकवाद पर नियंत्रण बनाया हो, कितनी ही देश के तरक्की की नई इबारतें लिखी गयी हो, समूची दुनिया भारत की प्रशंसा कर रही हो, लेकिन इन राहुल एवं कांग्रेसी नेताओं को सब काला ही काला दिखाई दे रहा है। कमियों को देखने के लिये सहस्राक्ष बनने वाले राहुल अच्छाई को देखने के लिये एकाक्ष भी नहीं बन सके हैं? – **ललित गर्ग**

## मोनिका डागा
## आया बंसत
### कविता



खुशियों का प्यारा संदेशा ले,
बन ठन इठलाता आया बंसत ।

शीत लहर के दिन अब गए,
धरती पर जीव खुश हो गए,
रवि ने दिव्य रश्मियां बिखेरी,
पवन ने मधुरम सरगम छेडी,
दिशाओं में बह रहा मकरंद,
बन ठन इठलाता आया बंसत ।

गाएं लहराती गेहूं की बालियां,
तितलियां करे हैं अठखेलियां,
कण–कण धरा का सुंदर खिला,
सौंदर्य मनोरम फिजा में घुला,
भरने हर मन मंदिर में ₹आनंद₹,
बन ठन इठलता आया बसंत ।

गीत नया मीठा कोयल ने गाया,
भंवरों ने संग संग शोर मचाया,
नन्ही कोमल कलियां मुस्काई,
प्रकृति में रमणीय रौनक छाई,
स्वागत सत्कार हुआ यूं बुलंद,
बन ठन इठलाता आया बसंत ।

खुशियों का प्यारा संदेशा ले,
बन ठन इठलाता आया बंसत ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# महाकुंभ : लाख कोशिशों के बावजूद सर चढ़कर बोली गंगा यमुनी तहजीब



निर्मल रानी
**वेलकम इंडिया**

2025 का बहुप्रतीक्षित महाकुंभ समापन की ओर है। 26 फरवरी अर्थात महाशिवरात्रि को अंतिम शाही स्नान के साथ ही कुंभ मेले का समापन हो जायेगा। इस बार का महाकुंभ कई बातों को लेकर पूर्व में आयोजित हो चुके कुंभ, अर्द्धकुंभ अथवा महाकुंभों से अलग था। इस बार के विशाल आयोजन को हाई टेक बनाने की जैसी कोशिश इस बार हुई वह पहले कभी देखी नहीं गयी।

संगम तट के किनारे अति विशिष्ट व्यक्तियों के लिये टैंट के वी आई पी नगर बसाये गए। इनमें महाराज टेंट सिटी में एक कमरे का एक दिन का किराया औसतन ?30000 था जबकि डोम सिटी में किराया 1 लख रुपए के आसपास था। करीब 3000 स्पेशल ट्रेन और बड़े शहरों से विमान उड़ानों की सुविधा रखी गयी। इतने बड़े आयोजन में छोटे बड़े हादसों की संभावना भी बनी रहती है। महाकुंभ 2025 भी इससे अछूता नहीं रहा। सुरक्षा के तमाम प्रयासों के बावजूद कुंभ मेले में अग्निकांड व भगदड़ जैसी संभावित घटनाओं को आखिरकार नहीं टाला जा सका।

परन्तु बड़े ही दुःख का विषय है कि इस बार का महाकुंभ जहाँ सत्ता के गुणगान व पी आर पर केंद्रित रहा वहीं इस बार इसमें भाग ले रहे अनेक प्रमुख लोगों ने इस पवित्र आयोजन को साम्प्रदायिकता फैलाने व समाज में जहर बोने का माध्यम बनाने की भी कोशिश की। खासतौर पर इस आयोजन के एक वर्ष पूर्व से ही कुछ नये नवेले विवादित कथावाचकों द्वारा कुछ स्वयंभू संतों के साथ यह राग छेड़ा गया कि कुंभ आयोजन में मुसलमानों का व्यवसाय करना प्रतिबंधित हो। कई लोगों ने तो मुसलमानों के मेला क्षेत्र में प्रवेश वर्जित करने तक की बात की। परन्तु सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, मोतीलाल, जवाहरलाल नेहरू, अकबर इलाहाबादी, हरिवंश राय बच्चन, सुभद्रा कुमारी चौहान, सुमित्रानंदन पंत, हरिप्रसाद चौरसिया, फिराक गोरखपुरी व महादेवी वर्मा जैसी अनेक महान हस्तियों की जन्म व कर्मस्थली रही इस संगम नगरी को शायद यह हरगिज गवारा नहीं था कि दुनिया को प्रेम सद्भाव व साम्प्रदायिक एकता का पाठ पढ़ाने वाले तथा देश की गंगा यमुनी तहजीब का केंद्र समझे जाने वाले इस पवित्र प्रयागराज नगरी से साम्प्रदायिक दुर्भावना नफरत या वैमनस्य का कोई सन्देश जाये।

महाकुंभ के दौरान सत्ता संरक्षित इन साम्प्रदायिकता वादियों ने देश की एकता व सद्भाव को छिन्न भिन्न करने के लिये क्या कुछ नहीं किया? देश के अनेकानेक अतिवादी नेताओं व प्रवचन कर्ताओं ने अपने भाषणों में जमकर धर्म विशेष के विरुद्ध विषवमन किया। हद तो यह है कि इस मेले में धारदार व नुकीले हथियार तक मुफ़्त बांटे गये। मीडिया व सोशल मीडिया पर तथा सत्ता के आई टी सेल द्वारा ऐसे नफरती क्लिप्स को जमकर प्रसारित किया गया।

प्रयाग का मुसलमान भी बाहर से आने वाले नफरती चिंटुओं के नफरती भाषणों को सुनता व सहन करता रहा। परन्तु जब इसी महाकुंभ में 28



जनवरी की देर रात्रि लगभग डेढ़ बजे भगदड़ मची और उसके कुछ देर बाद कथित तौर पर संगम तट पर ही दूसरी जगह भगदड़ मची उसके पश्चात इलाहाबाद शहर ने जो भयावह दृश्य देखे वह कुंभ के इतिहास में पहले कभी नहीं देखे गये। देश से आये करोड़ों श्रद्धालु जब अनजान शहर की गलियों में व सड़कों पर असहाय अवस्था में भयंकर सर्द रात में भगदड़ की दहशत से परेशान होकर अपनी जान बचाने के लिये पनाह मांगते फिर रहे थे। जब वे भूख प्यास से तड़प रहे थे, अपनी इज्जत आबरू जान माल बचाने की कोशिश में इधर उधर भटक रहे थे। उस समय यही विश्वविख्यात महाकुंभ साम्प्रदायिक एकता व सद्भाव का अपना अलग इतिहास लिख रहा था।

उस संकटकालीन दौर में सरकार की कोशिश थी कि मृतकों की संख्या को कम से कम कर बताया जाये। भगदड़ के शुरूआती घंटों की सरकारी कवायद इसी प्रबंधन में व्यस्त रही। जबकि 'सरकारी तोते' रुपी प्रवचनकर्ता यह कहते सुने गये कि भगदड़ में गंगा किनारे मरने वालों को मोक्ष प्राप्त हो गया। परन्तु उसी समय इलाहाबाद के मुसलमानों ने धरातल पर उतारकर वह कर दिखाया जिससे नफरत के सौदागरों की सारी कोशिशों पर पानी फिर गया। इलाहाबाद के भगदड़ प्रभावित क्षेत्र की सभी मस्जिदें, जामा मस्जिदें, इमामबाड़े, दरगाहें व मदरसे तथा यादगार ए हुसैनी जैसे कई मुस्लिम शैक्षणिक संस्थानों के दरवाजे पूरी तरह खोल दिए गये। हजारों स्थानीय मुसलमानों ने परदेसी श्रद्धालुओं को अपने अपने घरों में पनाह दी। उन्हें नाश्ता, भोजन, गर्म कपड़ा, कंबल, दवाई आदि सब कुछ उपलब्ध कराया। सैकड़ों जगहों पर मुसलमानों द्वारा सार्वजनिक लंगर लगाये गए। और लगभग एक सप्ताह तक देश भर के परेशान हाल श्रद्धालुओं की कुंभ नगरी के स्थानीय मुसलमानों द्वारा दिल खोलकर मेहमाननवाजी की गयी। इसी तरह गत दिसंबर में जब श्रीनगर-सोनमर्ग राजमार्ग में भारी बर्फबारी के कारण हजारों पर्यटक कश्मीर घाटी में फँस गए थे उस समय भी कश्मीर के मुसलमानों ने मस्जिदों व मदरसों के दरवाजे खोल दिए थे। उन्हें अपने घरों में पनाह देकर खाना गर्म पानी आदि सब कुछ मुहैय्या कराया था। देश में ऐसे और भी हजारों उदाहरण हैं जो हमारी सांझी तहजीब व संस्कृति का सुबूत पेश करते हैं।

इस बार के महाकुंभ का जितना राजनैतिक दुरूपयोग करने की कोशिश की गयी और सनातन रक्षा के नाम पर धर्म विशेष को डराने धमकाने व इसी की आड़ में सत्ता में बने रहने के लिये अपने वोट बैंक को मजबूत करने का जो दुष्प्रयास किया गया उसे किसी 'धार्मिक आयोजन' के नजरिये से कैसे देखा जा सकता है? परन्तु स्थानीय मुसलमानों ने सेवा सहयोग भाईचारा व सद्भाव की जो मिसाल पेश की है दरअसल वही साधु संतों फकीरों व औलियाओं का धर्म है। वही धर्म नानक खुसरो चिश्ती फरीद बुल्लेशाह व निजाम जैसे फकीरों का धर्म है और वही रसखान, जायसी रहीम व कबीर का भी।

वीर शिवाजी से लेकर अकबर तक के अनेक मानवतावादी शासकों की धर्मनिरपेक्ष शासन व्यवस्था ही असली भारतीय धर्म है। न कि धर्म व सम्प्रदाय के आधार पर नफरत बहिष्कार भय व नफरत का प्रसार। महाकुंभ के इतिहास में प्रयागराज का महाकुंभ 2025 हमेशा इसलिये भी याद रखा जायेगा कि नफरत फैलाने की लाख कोशिशों के बावजूद प्रयागराज में गंगा यमुनी तहजीब सर चढ़कर बोलती दिखाई दी।

# सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल-वृंदावन योजना

वेलकम इंडिया




**लखनऊ।** भारत की अग्रणी के 12 स्कूल श्रृंखला, सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल्स ने लखनऊ में अपने नवीनतम सीबीएसई पैटर्न 2 स्कूलों की स्थापना की घोषणा की है, जिससे प्रमुख शिक्षा में एक नया अध्याय शुरू हो गया है। पहले शैक्षणिक सत्र (2025-26) के लिए प्रवेश 05 फरवरी 2025 से शुरू होने वाले हैं, कक्षाएं अप्रैल 2025 में शुरू होंगी। पिछले दशक में, इस प्रतिष्ठित संस्थान को भारतीय शिक्षा कांग्रेस, एछएळर, स्कू न्यूज, ऊकऊअउ और अन्य प्रमुख संगठनों द्वारा भारत की सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक श्रृंखला के रूप में मान्यता दी गई थी। हाल ही में, जयपुरिया को एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा भारत का सबसे सम्मानित शिक्षा ब्रांड नामित किया गया था।

99% प्रथम श्रेणी छात्र सफलता दर में परिलक्षित उत्कृष्टता की विरासत के साथ, समूह गर्व से 60 के 12 स्कूलों का संचालन करता है, जो 55,000+ समर्थित है। वृन्दावन योजना और मोहनलाल गंज परिसर कोई अपवाद नहीं होंगे, जो नवीन और आकर्षक गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से शैक्षणिक प्रतिभा और समग्र विकास के लिए समान प्रतिबद्धता लाएंगे। वृन्दावन योजना और मोहनलाल गंज परिसरों में माता-पिता और छात्र एक ऐसे संस्थान की आशा कर सकते हैं जो आधुनिक दृष्टिकोण के साथ दिमागों का पोषण करता हो।

जयपुरिया ग्रुप के वाइस चेयरपर्सन श्रीवत्स जयपुरिया ने शिक्षा के लिए अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा, हम दृढ़ता से मानते हैं कि समग्र शिक्षा का लक्ष्य हमारे छात्रों को आवश्यक जीवन कौशल से लैस करना है। अपनी परंपराओं में गहराई से जुड़े रहते हुए, हम 21 वीं सदी के लिए विश्व स्तर पर जिम्मेदार नागरिकों को आकार देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए सक्रिय रूप से अंतरराष्ट्रीय मानसिकता को बढ़ावा देते हैं। लगातार भारत के शीर्ष 10 में स्थान पाने वाले हमारे स्कूलों ने पिछले पांच वर्षों में उल्लेखनीय 99% प्रथम श्रेणी की सफलता दर हासिल की है, जिसमें छात्र न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि विभिन्न प्रकार की सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारा अद्वितीय संस्कृत पाठ्यक्रम देवभाषा न केवल एक भाषा है बल्कि भारत की संस्कृति में निहित एक दर्शन है।

उन्होंने आगे समाज पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के व्यापक प्रभाव पर जोर दिया, स्कूल समुदायों के समग्र विकास के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं। वे छात्रों को शिक्षा प्रदान करते हैं, परिवारों और समुदायों के बीच संबंधों को बढ़ावा देते हैं और उनके जीवन स्तर को बढ़ाकर शहरों का उत्थान करते हैं। 1,000 छात्रों वाला एक एकल विद्यालय 100 से अधिक व्यक्तियों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न करता है। सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल की सामाजिक विकास में योगदान करते हुए शिक्षार्थियों छात्रों और शिक्षकों के पोषण की प्रतिबद्धता शिक्षा और उससे परे एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उनकी भूमिका को उजागर करती है।

श्रीवत्स जयपुरिया ने साझा किया, शिक्षा के क्षेत्र में मेरे परिवार की यात्रा 1945 में शुरू हुई और 2014 में विस्तार के हमारे निर्णय के बाद से, हम व्यापक प्रशंसा के साथ 60 से अधिक परिसरों तक पहुंच गए हैं। वरयानी परिवार के दिलीप वरयानी ने कहा हम विनम्र शुरूआत कर रहे हैं, हमारे छात्रों को अपने 21 वीं सदी के कौशल को बढ़ाने के लिए खेल, सांस्कृतिक और गतिविधियों तक पहुंच मिलती है। सेठ एम.आर

जयपुरिया स्कूल वृन्दावन योजना और मोहनलाल गंज के खूबसूरती से डिजाइन किए गए परिसर (नर्सरी से के 12) विद्यु स्तरीय बुनियादी ढांचे से सुसज्जित है, जिसमें इंटरेक्टिव डिजिटल कक्षाएं भाषा प्रयोगशालाओं सहित अत्याधुनिक प्रयोगशाला सुविधाएं, अच्छी तरह से सुसजित पुस्तकालय शामिल है। स्वीडन, फि नलैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ बहुत अच्छी तरह से बेंचमार्किंग वाला एक वैश्विक पाठ्यक्रम। स्कूल में 40 से अधिक गत्तिविधियों के प्रावधान और योजनाएं हैं, जिनमें स्विमिंग पूल, तीरंदाजी, विभिन्न प्रकार के खेल और खेल, नृत्य, नाटक और घुड़सवारी आदि शामिल हैं। जल्द ही दोनों स्कूलों के लिए प्रिंसिपल लॉन्च करेंगे।

# गांव का नाम न दिखने से भड़के किसान, पीएम किसान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्री में अड़चन



वेलकम इंडिया

**बेलहर, संतकबीरनगर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पाने के लिए गांव देवापार के किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। फार्मर रजिस्ट्री में गांव का नाम न दिखने और नए किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण न होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व प्रधान दिनेश कुमार के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में जयनारायण चौधरी, केशरीधर, राम सुभग मौर्या, बाबू राम मौर्य, अमन मौर्य, लाल मोहर, रामू, हरिलाल, फेरन, सुबाष, राम प्रसाद, उर्मिला, दुलारी, रमेशचंद्र, दिनेश कुमार, दुखराम, परशुराम, राजमन समेत कई ग्रामीण शामिल रहे।

ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर तीन हफ्ते पहले राजस्व विभाग के लेखपाल को लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीण जब किसान सम्मान निधि का ऑनलाइन आवेदन कराने जाते हैं, तो फार्मर रजिस्ट्री में गांव देवापार का नाम ही शो नहीं कर रहा है, जिससे वे योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। पूरा मामला मेंहादावल तहसील क्षेत्र विकास खण्ड बेलहर कला ग्राम पंचायत पडिया के राजस्व गांव देवापार का है।

जब इस संबंध में मेंहदावल तहसील के एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी नहीं थी, लेकिन अब इसे गंभीरता से लिया जाएगा और जल्द समाधान किया जाएगा, ताकि किसानों को योजना का लाभ मिल सके।

वहीं, लेखपाल बृजेश कुमार यादव ने बताया कि ग्रामीणों की लिखित शिकायत को उन्होंने संबंधित अधिकारियों तक पहुंचा दिया था। हालांकि, ग्रामीणों को अब तक कोई राहत नहीं मिली है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कोई समाधान नहीं निकला, तो वे तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। किसानों ने प्रशासन से जल्द से जल्द फार्मर रजिस्ट्री में गांव का नाम जोड़ने और नए किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण शुरू करने की मांग की है।

# जिला अस्पताल की टंकी पर चढ़ी महिला ने कहा, बम से उड़ा दूंगी अस्पताल



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** जिला अस्पताल में बुधवार को एक महिला ने हंगामा खड़ा कर दिया। वह अस्पताल की टंकी पर चढ़ गई और पूरे अस्पताल हो बम से उड़ाने की धमकी देने लगी, सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान उसने बताया है कि उसका पति झूठे मुकदमे में जेल में बंद है, उसे जल्द से जल्द छोड़ा जाए। जानकारी के अनुसार, बुधवार को जिला अस्पताल की इमरजेंसी और ओपीडी में मरीजों की भीड़ थी। इसी दौरान एक महिला अस्पताल के रोड वाले भवन की टंकी पर चढ़ गई और जोर-जोर से चिल्लाने लगी। महिला का आरोप था कि उसके पति को पुलिस ने झूठे हत्या के मामले में फंसाकर जेल भेज दिया है। महिला की धमकी सुनकर अस्पताल प्रशासन और मरीजों में हड़कंप मच गया। महिला ने कहा कि अगर उसके पति को नहीं छोड़ा गया, तो वह अस्पताल को बम से उड़ा देगी। मामला जब अधिकारियों तक पहुंचा, तो उन्होंने तुरंत इस मामले की पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले महिला सुबह 6 बजे मेल मेडिकल वार्ड में आई थी और अपनी 6 माह की बच्ची को वहीं छोड़कर चली गई थी। जब अस्पताल स्टाफ ने बच्ची को देखा, तो उसे पुलिस चौकी के सुपुर्द कर दिया। इसके तुरंत बाद महिला ने रोड वाले भवन की टंकी पर चढ़कर हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को जैसे तैसे समझा-बुझाकर टंकी से नीचे उतारा और हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि महिला के आरोपों की जांच की जा रही है जिसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व कैंसर दिवस पर स्कूली बच्चों ने दिखाई जागरूकता

**संतकबीरनगर।** विश्व कैंसर दिवस के मौके पर सैय्यद गुलाम जिलानी एजुकेशनल एकडेमी सालेहपुर में महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सेमरियावां विकास खंड स्थित सालेहपुर सैय्यद गुलाम जिलानी एजुकेशनल अकेडमी में छात्रों ने कैंसर जागरूकता की शपथ लेकर इस गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित फाउंडर/प्रबंधक सैय्यद यजदानी अशरफ ने छात्रों को कैंसर से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही इस बीमारी से बचने का सबसे कारगर उपाय है और समाज के हर वर्ग को इसके प्रति सतर्क रहना चाहिए।विद्यालय प्रशासन ने भी इस अभियान का समर्थन करते हुए छात्रों को तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी।

# चाय बागान संघर्ष समिति का गठन

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** चाय बागानों में काम कर रहे श्रमिकों ने अपने अधिकारों व समस्याओं के निदान के लिए चाय बागान सघर्ष समिति का गठन किया है जिसके लिए गणेश सिंह मेहरा को अध्यक्ष व महेश लाल साह को सचिव चुना गया। इसके अलावा दीवान सिंह मेहतरा, दीपा देवी, हेमा देवी, चंदा देवी, हेमा शाह को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। इस दौरान रेखा साह,बसंती देवी, हरूली देवी, धीरज मेहरा आदि उपस्थित थे।

से पूर्ण रुप से विकसित नहीं हुये है।चाय बागान में कार्य करने वाले श्रमिकों काश्तकारों ने चायबागानों को वापस किये जाने के सन्दर्भ में पूर्व में कोई लिखित या मौखिक सूचना भी कास्तकारों/भूमिघरों को नहीं दिए जाने, तथा बोर्ड की बैठक में एकपक्षीय निर्णय लेकर कास्तकारों / भूमिधरों का भी पक्ष नहीं सुनने का आरोप लगाते हुए। नाराजगीजताते हुए कहा कि लीज अवधि पूर्ण होने के बाद भी विभाग द्वारा चायबागानों की कोई जांच नहीं करने, चाय बागानों के संरक्षण की नितांत आवश्यकता होने, चाय बागानों के संरक्षण के क्रम में कास्तकारों / भूमिधरों को रोजगार देकर चाय बागान संरक्षित किये जाने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए चाय बागानों को समय से संचालित किए जाने, चाय बागानों में उत्पादन बढ़ाने के लिये पौध संरक्षण हेतु खाद पूर्ति तथा कुछ बागानों में तार बाड़ किये जाने, कास्तकारों को विभागीय तकनीकी जानकारी के लिये प्रशिक्षण दिए जाने, कास्तकारों को चाय बगीचों का स्वामित्व दे दिये जाने के बाद बिना तकनीकी प्रशिक्षण के उक्त चाय बागान रोजगार की दशा में अनुपयोगी होने की संभावना बनी रहने, बागानों का सफल संचालनकाश्तकारों के हाथों में दिए जाने, विभाग द्वारा तय की गई दरों पर भी कास्तकार / भूमिधर चाय बागानों के संचालन की मंशा में नहीं है तथा विभागीय दरों पर कार्य नहीं करना चाहते हैं।पूर्व की भांति ही चायबागानों को आगामी 15 वर्ष के लिये चाय बोर्ड को लीज पर देकर भविष्य में कास्तकार / भूमिधर आत्मनिर्भर होने की दशा में चाय बागानों का सफल संचालन करने, विभाग द्वारा लिए गए एकपक्षीय और जनहित में अनुपयोगी निर्णय पर पुनर्विचार कर चाय बागानों को फिर से बोर्ड द्वारा लीज में देने की अपील की। इस दौरान अध्यक्ष गणेश सिंह मेहरा,सचिव महेश लाल शाह,दीवान सिंह मेहरा दीपा देवी हेमा देवी,चंदा देवी ,रेखा शाह,हेमा शाह ,हेमा देवी,सुरेंद्र सिंह,मोतिमा देवी,प्रेमा देवी,बसंती देवी,हरुली देवी,आदि सभी काश्तकार मौजूद थे।

# पुलिस उपाधीक्षक ने किया कपकोट थाने का औचक निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**कपकोट।** पुलिस उपाधीक्षक अजय लाल साह द्वारा थाना कपकोट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें सर्वप्रथम थाना परिसर का भ्रमण कर साफ सफाई चैक की गई साथ ही कार्यालय, अभिलेखों, मैस आदि को चैक किया गया। कार्मिकों को बीट पुलिसिंग के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए ड्यूटी का सही प्रकार से निर्वहन करने, आम जनता की समस्या को सुनने आदि के संबंध में बताया गया। थाने में मौजूद कार्मिकों का सम्मेलन लेकर उनकी विभागीय/ पारिवारिक समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई।सीओ अजय साह ने थानाध्यक्ष को पुलिस मुख्यालय/ रेंज स्तर से प्राप्त आदेश/निदेर्शों/ अभियानो से अवगत कराते हुए इनका शत-प्रतिशत पालन करने के निर्देश दिए।

वही थानाध्यक्ष को मित्र पुलिस की भूमिका में पुलिस कर्मियों को आमजनता के साथ मित्रवत व्यवहार कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

# सपा के पूर्व विधायक पर भाजपा नेता ने कराया मुकदमा दर्ज सीएम योगी और महाकुंभ को लेकर दिया था विवादित बयान

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व विधायक सुल्तान वेग के खिलाफ शेरगढ़ थाने में भारतीय जनता पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है। दरअसल इन दिनों सोशल मीडिया पर सपा के पूर्व विधायक सुल्तान वेग का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें वह सीएम योगी आदित्यनाथ और महाकुंभ को लेकर विवादित बयान दे रहे है। सुल्तान वेग के खिलाफ शेरगढ़ थाने में बीएनएस की धारा 253, 299, 223 और आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक सुल्तान वेग ने महाकुंभ को लेकर विवादित बयान दिया था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में सुल्तान वेग कहते नजर आ रहे हैं कि योगी सरकार ने महाकुंभ को शमशान बना दिया है। यही नही सपा के पूर्व विधायक ने सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर भी विवादित वयान देते हुए कहा, कि वहां बार-बार आग लग जा रही है। भगदड़ में बहुत सारे लोगों की जान चली जा रही है। योगी सरकार ने कोई इंतजाम नहीं किया है। जिस वजह से उनसे संत समाज भी नाराज है और योगी संतों को पटाने का काम कर रहे हैं। योगी सरकार सही आंकड़े नहीं बता रही है और इस मामले को दबाने का काम कर रही है। पूर्व विधायक सुल्तान वेग वीडियो में कहते दिख रहे हैं कि हादसा होने के बाद भी योगी सरकार का ध्यान उस ओर नहीं जा रहा है। योगी सरकार इन हादसों से भी कोई सबक नहीं ले रही है। आगे भी शाही स्नान है। उसमें फिर अगर भगदड़ मच गई तो क्या होगा ? मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पूरी दुनिया में मुंह काला हो जाएगा। मुंह काला क्या होगा, बल्कि काला हो गया है।

# हत्या का प्रयास करने वाले फरार अभियुक्त को थाना कपकोट पुलिस ने किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** कपकोट थाना क्षेत्र में उत्तरायणी मेले के दौरान हुई मारपीट की घटना पर कपकोट पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए मामले में मारपीट में लिप्त लोगों के खिलाफ तत्काल आवश्यक कार्रवाई की।साथ ही घटना में दो युवक एवं एक नाबालिक को जांच में दोषी पाया गया था। मामले में अभियुक्त हिमांशु मेहता पुत्र गोपाल सिंह मेहता निवासी-ग्राम हरसीला व दो लडको के द्वारा वादी के पुत्र योगेश सिंह ऐठानी ,पंकज, सुन्दर सिंह,पर जान से मारने की नियत से धारदार हथियार चाकू व लोहे की राड से हमला कर दिया गया था। घटना में सुन्दर सिंह कोरंगा ,पंकज घटियाल, योगेश एठानी को काफी गम्भीर चोटे आई थी। पुलिस ने धारा 109/351(2)/352 भारतीय न्याय संहिता पंजीकृत अभियुक्त हिमाशु मेहता पुत्र गोपाल सिंह मेहता निवासी हरसीला थाना कपकोट जिला बागेश्वर को गिरफ्तार किया गया व एक विधि विवादित किशोर को संरक्षण में लिया गया था।

पुलिस ने घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी केमरो व अन्य तकनीकी जानकारी प्राप्त कर एक अन्य अभियुक्त प्रदीप गढ़िया को आरोपी बनाया था।अभियुक्त प्रदीप गढ़िया घटना के दिन से लगातार फरार चल रहा था फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतू जनपद स्तर से पुलिस टीम का गठन किया गया था।जहां थानाध्यक्ष खुशवंत सिंह ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न पुलिस टीमों का गठन कर फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया।आरोपी प्रदीप गढ़िया पुत्र हरीश सिंह निवासी हरसीला को तकनीकी जानकारी प्राप्त करते हुए अथक प्रयासो से पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया।

# जामिया बरकातिया हजरत सूफी निजामुद्दीन लोहरौली में जश्न ए दस्तार बंदी

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जामिया बरकातिया हजरत सूफी निजामुद्दीन लोहरौली में जश्न ए दस्तार बंदी के अवसर पर एक दिवसीय औलिया कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता आल इंडिया बज्मे निजामी के चेयरमैम मौलाना जियाउल मुस्तफा निजामी व मौलाना मोहम्मद सईद निजामी ने की और संचालन हारून अलीमी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुरआन की तिलावत से कारी फजले हक नुरी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए देश और समाज की उन्नति पर भी अपने विचार व्यक्त किए।

विश्व विख्यात धर्म गुरु अल्लामा सुफी हबीबुर्रहमान रजवी सज्जादा नशीन दरगाह हजरत सूफी निजामुद्दीन अगया शरीफ के संरक्षण में आयोजित कॉन्फ्रेंस में मुख्य वक्ता के रूप में ने

मौलाना मोहम्मद फारूक निजामी प्रिंसिपल अलीमिया जमदा शाही धार्मिक ग्रंथ कुरआन पाक की शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुरआन का ज्ञानी अल्लाह उसी को बनाता है जो उसकी दृष्टि में महत्वपूर्ण व्यक्ति होता है। कुरआन की शिक्षा प्राप्त कर हफिज ए कुरआन की उपाधि हासिल करने वाले छात्रों के माता पिता भी बहुत खुशनसीब हैं कि आज उनके पुत्रों ने कुरआन की शिक्षा ग्रहण कर अपने साथ ही अपने परिवार और रिश्तेदारों को अल्लाह से निकटता हासिल करने में सफलता प्राप्त की। मौलाना ने समाज को शिक्षित बनाने हेतु मात पिता को अल्लाह के नबी मोहम्मद



(सल्लाह अलैहि वसल्लम) का संदेश भी सुनाया।

मौलाना मोहम्मद अली निजामी ने सूफी संतों के जीवनी पर प्रकाश डालने के साथ ही इस्लाम धर्म की शिक्षा के महत्व पर तकरीर करते हुए कहा कि मुस्लिम समाज को शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए आगे आना चाहिए। मौलाना ने यह भी कहा कि इस्लाम धर्म की शिक्षा ग्रहण कर हमारे बच्चे एक नेक दिल इंसान के साथ ही श्रीष्टाचारी भी होते हैं क्यों कि इस्लाम धर्म सामाजिक भाई चारे, एकता और मोहब्बत का संदेश देता है।

मौलाना बदरुद्दीन निजामी ने अपने उद्बोधन में इस्लाम धर्म के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस्लाम धर्म मानवता और सौहार्दपूर्ण वातावरण का पक्ष धर है। इस्लाम तलवार के बल पर नहीं बल्कि मानवतापूर्ण व्यवहार की बदौलत परवान चढ़ा है। इस्लाम नफरत नहीं बल्कि मोहब्बत और एकता का संदेश देता है। अल्लामा सुफी हबीबुर्रहमान रजवी ने कहा कि कुछ सांप्रदायिक मानसिकता के लोग हैं जो इस्लाम धर्म और कुरआन के संदेशों की गलत और भ्रमित करने वाली व्याख्या करके मुसलमानों और इस्लाम धर्म को बदनाम करने का कूटरचित कृत्य करते हैं ऐसे में कुरआन की शिक्षा प्राप्त कर उसके संदेश को जन जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है तभी इस्लाम धर्म के विरुद्ध फैलाई जा रही भ्रांतियों को दूर किया जा सकता है इस लिए मुसलमान अपने बच्चों को कुरआन की शिक्षा अवश्य दिलाएं।

मौलाना जियाउल मुस्तफा निजामी ने मदरसा शिक्षकों और प्रबंध समिति के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य पर शुभकामनाएं देते हुए मदरसा शिक्षा प्राणली को देश और समाज हित में महत्वपूर्ण बताया तथा देश की आजदी और उन्नति में उलमा और मदारिसे अरबिया के योगदान पर भी प्रकाश डाला। मौलाना सनाउल मुस्तफा निजामी प्रिंसिपल जामिया ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मदरसा के 11 छात्रों को हाफिज की उपाधि देकर दस्तार बांधी गई है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मदरसा प्रबंध समिति के साथ ही अध्यापक कारी अजीजुर्रहमान रजवी, मौलाना कोसर अलीमी,मास्टर अकील ,मास्टर कारी बदरूद्दीन,सद्दाम हुसैन आदि मदरसा कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में नात ख्वां कमाल बस्तवी,महताब निजामी ने अपनी नात से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हफिज ए कुरआन की उपाधि हासिल करने वाले छात्रों के माता पिता और रिश्तेदारों तथा दोस्तों ने माल्यार्पण कर खुशियां मनाई। सलात व सलाम के बाद अंत में मौलाना सुफी हबीबुर्रहमान रजवी ने देश की शान्ति और सद्भाव के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर मौलाना निसार आजमी,मौलाना नजमुद्दीन बरकाती, मौलाना सेराजुद्दीन निजामी,मौलाना शमसुल हक निजामी, मुफ्ती शकील निजामी,मुफ्ती कमाल अलीमी,मौलाना मशसूद आजमी, मौलाना कारी फजले हक नुरी, मौलाना कासिम बुरहानी, मौलाना मुहिब्बुर्रहमान मिस्बाही, मौलाना जैनुल आबेदीन, मौलाना ताहिर निजामी,मौलाना मकसुद, कारी तोसीफ रजा मिस्बाही, कारी अमीर हसन, कारी हाशिम निजामीआदि के साथ ही बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा उन्नति का सरल माध्यम-अपर जिला जज

वेलकम इन्डिया




**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पवार की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ द्वारा लोकमान्य तिलक इंटरमीडिएट कॉलेज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पवार ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी विकसित करें छात्र-छात्राएं।

उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जहां शिक्षा से ज्ञान प्राप्त होता है वही संस्कार मजबूत जीवन की आधारशिला रखते हैं। सकारात्मक सोच के साथ छोटे-छोटे का लक्ष्य का निर्धारण कर प्राप्त करने हेतु निरंतर प्रयास करते रहें, शिक्षा उन्नति का सरल माध्यम है, यदि आपके पास लगन है, लक्ष्य है तो आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता।

उन्होंने पीसीपीएनडीटी एक्ट के विषय विस्तार से जानकारी प्रदान किया। इस अवसर पर चिकित्साधिकारी डाक्टर पारूल सक्सेना ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव, सावधानियां एवं टीकाकरण के बारे में जानकारी प्रदान किया।

कार्यक्रम में पीएलवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम प्रकाश पाण्डेय ने पाक्सो अधिनियम के प्रावधानों के साथ मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे बच्चों के अभिभावक, माता या पिता जिनकी मृत्यु 1 मार्च 2020 से हुई है उनके दो बच्चों को 23 वर्ष की उम्र तक ढाई हजार रुपए प्रतिमाह प्रति बच्चे सहायता उपलब्ध कराए जाने का सरकार की तरफ से प्रावधान किया गया है।

इस अवसर पर पी एल वी महेंद्र त्रिपाठी ने यातायात नियमो के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान किया। पी एल वी अमन त्रिपाठी ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 सहित टोल फ्री नंबरो के बारे में जानकारी प्रदान किया। लोगों के प्रति आभार प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार तिवारी ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता संतोष पाण्डेय ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर गीरेंद्र द्विवेदी, विनीता सिंह ,एकता पाण्डेय , मनोरमा, पूनम दुबे ,राजेश मिश्रा सहित लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल



**हाथरस।** जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के जलेसर रोड स्थित नगला ब्राह्मण के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव नगला इमलिया निवासी मृतक दीपक अपने गांव के साथी राजेश के साथ लाडपुर से अपने गांव ही लौट रहा था, इसी बीच एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी और मौके से वह फरार हो गया। एक्सीडेंट को देखकर मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। यहां से लोगों की सहायता से दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने दीपक को मृत घोषित कर दिया और और साथ ही घायल राजेश की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।

## राष्ट्रीय लोक दल कार्यकर्ता 12 फरवरी को

# किसान नेता स्व. चौधरी अजीत सिंह की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में पहुंचकर बनाए ऐतिहासिक रैली



वेलकम इंडिया

**हापुड़।** आगामी 20 फरवरी को किसान नेता स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह के गांव छपरौली में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के द्वारा स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम को लेकर विज्ञान एवं उद्यमिता कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार का लखनऊ से हापुड़ पहुंचने पर राष्ट्रीय लोकदल कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। उसके उपरांत कैबिनेट मंत्री प्रदेश कार्यकारी सदस्य हेमंत मिश्रा के आवास पर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने ने राष्ट्रीय लोक दल के सभी कार्यकताओं से वातार्लाप करते हुए। आगामी 12 फरवरी 2025 को किसान नेता स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह के गांव छपरौली में उनकी प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान करते हुए इस कार्यक्रम को एक ऐतिहासिक रैली बनाने में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रविंद्र प्रधान, प्रोफेसर अब्बास अली, शिवकुमार चौधरी, डॉक्टर प्रियंका शहर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, नौशाद मलिक ब्लॉक अध्यक्ष, गुलबीर सिरोही, नवीन चौधरी, जफर आलम, चौधरी खालिद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नन्हें शिशुओं का कराया विद्यारंभ संस्कार



**गरुड़।** सरस्वती शिशु मंदिर गरुड़ में विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। इस मौके पर अभिभावकों ने अपने पाल्यों का विद्यारंभ संस्कार कराकर उनके उज्जवल भविष्य की नींव रखी। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सरस्वती पूजा, हवन आदि वैदिक विधि से पुरोहित ललिता प्रसाद जोशी ने संपन्न कराया। विद्यालय की शिशु वाटिका प्रमुख दया भंडारी ने सभी शिशुओं का विधिवत विद्यारंभ प्रवेश करवाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश उपाध्याय ने यज्ञ में आहुति देकर नए शिशुओं व उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान मोहन चंद्र जोशी,नवीन पांडेय,गणेश भट्ट, हरिप्रकाश गुणवंत, हरीश नेगी, हेम मिश्रा,अंजू तिवारी, प्रियंका,माया बिष्ट,हेमा बिष्ट,गीता रावत समेत दर्जनों अभिभावक मौजूद थे।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**चंदपा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव परसारा में बुधवार को निर्माण अधिनियम मकान पर लेंटर डालने के दौरान हाई टेंशन लाइट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक 38 वर्षीय जीतू थाना हाथरस गेट क्षेत्र के गाँव तिपरस का रहने वाला था। गाँव परसारा के जलसिंह के निर्माणधीन मकान पर लेंटर डालने का काम चल रहा था। गाँव में हाइटेंशन लाइने नीचे झुकी हुई है। काम के दौरान जीतू बिजली की चपेट आ गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया है।

## सरकार में मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्रा दयालु के पिताजी की पुण्यतिथि पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम



**वाराणसी मिजार्मुराद।** यूपी सरकार में आयुष राज्य मंत्री और वाराणसी के कद्दावर भाजपा नेता डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु के स्वर्गीय पिता पंडित रामाधार मिश्र की पुण्यतिथि मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु के पैत्रिक गांव सिधौना में मनाया गया जिसमें सुंदरकांड पाठ , प्रसाद वितरण, कंबल वितरण इत्यादि कई कार्यक्रम आयोजित हुए। उक्त श्रद्धांजलि कार्यक्रम में क्षेत्र के मानिंद व्यक्तियों समेत जनपद और पार्टी के कई नेता कार्यक्रता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। परिवार के सदस्य उपेंद्र नाथ मिश्र ने बताया कि हर वर्ष पूज्य पिताजी के स्मृति में विभिन्न कार्यक्रम विधि विधान से आयोजित होते है । इस अवसर पर शिवजी मिश्र कृष्णानंद सिंह , श्रवण कुमार मिश्र बृजमोहन सिंह , सुभाष दीक्षित, अनिमेश, अमित कुमार, नंदलाल, सरकार, देवब्रत , अतुल पांडेय, शिवेंद्र सिंह, अनूप, आनंद पांडेय, अविनाश उपाधयाय इत्यादि उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म करने के बाद वीडियो वारयल करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद पुलिस ने रखौना ओवरब्रिज के पास से बुधवार को मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म करने के मामले व वीडियो वारयल करने के मामले में फरार चल रहे मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के हरपुर गांव निवासी अरविंद कुमार गिरफ्तार करते हुए लिखा पड़ी करने के बाद जेल भेज दी। मिजार्मुराद थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव निवासिनी 15 वषीर्या किशोरी को युवक द्वारा ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया गया और युवक द्वारा अश्लील वीडियो भी बना लिया गया।

मामला 10 माह पुराना है जिसमें कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने युवक के खिलाफ नाबालिग किशोरी के साथ ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने व वीडियो वारयल करने के मामले का मुकदमा बीते सोमवार लिखा गया था।युवक ने पुलिस के पूछताछ में बताया कि किशोरी से प्यार करता था उसी दौरान उसी दौरान उसके फोटो व वीडियो को वायरल करने की धमकी देते हुए गलत काम किया और बाद में उसे वायरल भी कर दिया।गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में चौकी प्रभारी खजुरी अनिकेत श्रीवास्तव, एसआई अमरीश कुमार राय, मधुसूदन त्रिपाठी, महिला एसआई अनुजा गोस्वामी, कांस्टेबल चंचल यादव, रविरंजन, रत्नेश राय व कमलेश कुमार यादव रहे।

# यूपी पुलिस भर्ती हेतु रनिंग टाइम ट्रॉयल प्रतियोगिता का आयोजन

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** बुधवार को नगर के मंसब अली स्टेडियम में उत्तर प्रदेश पुलिस रनिंग टाइम ट्रॉयल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसके माध्यम से भर्ती प्रक्रिया से पूर्व उम्मीदवारों की आवश्यक शारिरिक दक्षता का मूल्यांकन किया गया।महिला वर्ग में अनामिका और पुरुष वर्ग में निखिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।मॉक प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अध्यक्षपति हाजी सरफराज आलम ने किया।

बुधवार को नगर स्थित मंसब अली स्टेडियम में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों के लिए रनिंग टाइम ट्रॉयल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसके माध्यम से महिला एवं पुरुष अभ्यर्थियों की आवश्यक शारिरिक दक्षता को परखा गया। महिला वर्ग में हजरत नगर की अनामिका ने प्रथम,खुशहालपुर की रब्बानी जहां ने द्वितीय और उजाला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।पुरुष वर्ग में चक गजरौला के निखिल ने प्रथम,सेंटाखेड़ा के शिवम ने द्वितीय और अंकित ने तृतीय स्थान हासिल किया।

महिला वर्ग में 12 उम्मीदवारों ने 14 मिनट में 400 मीटर के 6 राउंड लगाए। जिसमें 7 प्रतिभागियों ने क्वालीफाई किया,वहीं पुरष अभ्यर्थियों के लिए 24 मिनट में 400 मीटर के 12 राउंड का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।जिसमें 11 प्रतिभागियों में 10 ने लक्ष्य को पूरा किया। मॉक रनिंग प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पालिकाध्यक्षपति हाजी सरफराज आलम द्वारा शील्ड व मैडल देकर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि हाजी सरफराज आलम ने मॉक रनिंग टाइम प्रतियोगिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि

पुलिस भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों को इससे फिजिकल टेस्ट की तैयारी करने में जहां मदद मिलती है वहीं उन्हें अपनी कमजोरियों को पहचानने का अवसर भी मिलता है।

इससे वास्तविक भर्ती प्रक्रिया के दौरान बेहतर प्रदर्शन की संभावना बढ़ जाती है।

इस मौके पर सभासद एम सगीर, रईस भूरा, नेता तसलीम, साकिब सैफी, मतीन कुरैशी, शफीक अहमद,मोहम्मद जकी , शिव प्रसाद सैनी,मोहम्मद मसरूर, हसन प्रधान, अनवार चोधरी, मकसूद नन्ना, कारी नदीम और नासिर खन्ना आदि मौजूद रहे।

# आरआर पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर : सिंह

वेलकम इंडिया




**नूरपुर।** आर आर पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राणा डेन्टल क्लीनिक की ओर से चिकित्सकों की टीम ने विद्यालय के करीब 566 बच्चों के दांतों की जांच की तथा दांतों की देखभाल करने आदि के बारे में विस्तार से बताया।

विद्यालय के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने बताया कि टीम द्वारा मेडिकल साइंस मोबाइल लैबोरेट्री चेकअप किया गया। चेकअप के दौरान स्कूली बच्चों की पूरी दंत चिकित्सा की गई। टीम के मैनेजर डॉक्टर अजय राणा, अरूण दक्ष एवं टीम ने दांतों के सही तरीके से जांच की। तथा बच्चों को ब्रश करने का सही तरीके सहित दांतों से संबंधित अन्य प्रकार की जानकारी भी प्रदान की। उन्होंने बताया कि स्कूल के बच्चों के पूरे दांतों की चैकप संबंधी जानकारी प्राप्त करने के बाद यह पाया कि अधिकांश बच्चों में सामान्य तौर पर सड़न जैसी समस्या पाई गई। समय रहते दांतों की देखभाल न करना और खराब दांत इसका प्रमुख कारण है। इसलिए हर प्रकार से समय समय पर दांतों की देखभाल करनी चाहिए।? बच्चों के माता-पिता को उनके दांतों से संबंधित देखभाल करने में सहयोग करना चाहिए क्योंकि खराब दांत बहुत सी बीमारियों का कारण बनते हैं, इसके बारे में बताया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास में शारीरिक विकास अत्यंत जरूरी होता है। आजकल बच्चे जंक फूड ज्यादा खाने से केविटी का खतरा बना रहता है, इसे देखते हुए आज के युग में इस प्रकार के शिविर का आयोजन आवश्यक हो जाता है। जिस प्रकार हम अपने शरीर के बाकी अंगों की जांच करवाते हैं, उसी प्रकार हमारे दांतों को भी नियमित अंतराल पर दंत चिकित्सक द्वारा दिखाना चाहिए, और समय-समय पर अपने दांतों की जांच करवानी चाहिए। जितनी जरूरत दांतों की देखभाल की होती है, उतनी ही जरूरत मसूड़े के देखभाल की भी होती है । क्योंकि मसूड़े जितने मजबूत होंगे, दांत भी उतने ही मजबूत होंगे। हमें ब्रश करने की प्रक्रिया को अच्छी तरीके से समझना चाहिए। सुबह उठने के बाद या नाश्ते के पश्चात और रात में सोने से पहले ठीक से ब्रश करना चाहिए।

कैंप को सफल बनाने में डॉ अजय कुमार राणा, अरूण कुमार दक्ष, चंचल कटारिया, मीनू वर्मा, दिव्या कौशिक, प्रीति चौहान, बबीता पाल, अजय चौहान, शिल्पी अग्रवाल, भूमिका चौहान, रीतू रानी,कुसुम लता आदि का सहयोग रहा।

# दो कारों की टक्कर महिला टीचर की मौत

वेलकम इंडिया



**बिजनौर।** स्योहारा थाना क्षेत्र में धामपुर-मुरादाबाद मार्ग पर ग्राम चंचलपुर के पास दो कारों की जबरदस्त भिड़ंत में एक महिला शिक्षिका की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में मृतका के पति और एक अन्य महिला शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान 31 वर्षीय प्रियंका रानी के रूप में हुई है। दुर्घटना में उनके पति सौरभ चौहान और साथी शिक्षिका शालिनी पांडे को गंभीर चोटें आईं। स्कूल की छुट्टी के बाद तीनों अपने घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव अनुभूति 6 फरवरी से

वेलकम इंडिया




**लखनऊ/बाराबंकी।** विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुभूति 2025 का शुभारंभ 6 फरवरी से किया जा रहा है। 6 फरवरी से शुरू होकर तीन दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जुड़े दर्जनों कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें।

कार्यक्रम में कई विश्वविद्यालय व कॉलेज के विद्यार्थी प्रतिभागिता करेंगें। यह जानकारी विश्वविद्यालय के चांसलर इंजीनियर पंकज अग्रवाल ने बुद्धवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने तीन दिनों तक चलने वाले अनुभूति कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दिन के कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारत के प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी एवं पद्मश्री सम्मानित आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर एचसी वर्मा, विश्वविद्यालय के चांसलर इंजीनियर पंकज अग्रवाल, प्रो-चांसलर इंजीनियर पूजा अग्रवाल, विश्वविद्यालय की शैक्षणिक सलाहकार आरुषी आग्रवाल, वाईस चांसलर प्रो. विकास मिचा, रजिस्ट्रार डॉ. नीरजा जिन्दल समेत कई गणमान्य लोगों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम को मुख्य रूप से तीन भागों में बांटा गया है, जिसमें पहला अवसर, दूसरा अनुभूति और तीसरा विवेका है। तीनों दिन के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में ऑन स्टेज और ऑफ स्टेज दो तरह के कार्यक्रम सामानांतर रूप से संचालित होंगे। ऑन स्टेज कार्यक्रमों में पहले दिन यानि 6 फरवरी को गणमान्यों द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन इसके बाद ग्रुप डांस, स्टेज प्ले, कैफियत समेत दर्जनों कार्यक्रम होंगे। ऑन स्टेज में दूसरे दिन सोलो सिंगिंग, डुएट डांस, डुएट सिंगिंग, सोलो डांस, मिस्टर एंड मिस अनुभूति, ग्रुप फैशन शो तथा तीसरे यानि अंतिम दिन के कार्यक्रम में गुरु शिष्य, दिल तो बच्चा है जी जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे।

तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में ऑन स्टेज कार्यक्रमों के सामान्तर ही ऑफ स्टेज कार्यक्रम भी संचालित किये जायेंगे। जिसमे पहले दिन 6 फरवरी को अपनी पाठशाला में निबंध लेखन, पोएट्री लेखन एवं कविता पाठ की प्रतियोगिता होगी। दूसरे दिन के कार्यक्रमों में फेस पेंटिंग, टैटू मेकिंग, रंगोली ड्राइंग समेत कई कार्यक्रम शामिल होंगे। वहीं तीसरे दिन के कार्यक्रमों में लाइव स्केचिंग, नुक्कड़ नाटक, लाइव पेंटिंग, शब्द अंखला जैसे दर्जनों कार्यक्रम होंगे, जिसमें कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय व कॉलेज के विद्यार्थी प्रतिभागिता करेंगे।

# महिला के साथ जमीन के सौदे में धोखाधड़ी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

- **राज्य महिला आयोग से शिकायत के बाद दर्ज हो सका मुकदमा**

**बरेली।** जमीन के सौदे में धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने के मामले में राज्य महिला आयोग के हस्तक्षेप के बाद बरेली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला का आरोप है कि उसके साथ छल करके उसकी जमीन किसी और को बेच दी गई और जब उसने विरोध किया, तो उसे और उसके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। ग्राम अखा, तहसील आंवला, जनपद बरेली की निवासी नीलम सिंह पत्नी राजीव सिंह ने उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ में शिकायत दर्ज कराई थी कि जधुनाथ पुत्र सोमपाल सिंह ने अपनी 0.233 हेक्टेयर कृषि भूमि बेचने के लिए 04 अक्टूबर 2017 को एक इकरारनामा (सहमति पत्र) किया था। इस सौदे के तहत, नीलम सिंह ने 60 हजार रुपये नकद और 3 लाख 40 हजार रुपये चेक के माध्यम से एडवांस राशि के रूप में भुगतान किया था। लेकिन 03 जनवरी 2018 को जब वह तय तारीख पर जमीन का बैनामा कराने गईं, तो जधुनाथ ने पहले सहमति जताई लेकिन फिर अचानक हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। इस पर नीलम सिंह ने कोर्ट का रुख किया और अपर सिविल जज (सीडी), एफटीसी बरेली की अदालत में मुकदमा दायर किया, जो अभी विचाराधीन है। शिकायत में महिला द्वारा बताया गया है कि मामला कोर्ट में लंबित होने के बावजूद, 24 सितंबर 2024 को जधुनाथ ने वही जमीन टेकचंद्र पुत्र डोरीलाल के नाम पर बैनामा कर दी। इस प्रक्रिया में जगतपाल पुत्र प्यारेलाल और नेकपाल पुत्र टेकचंद्र ने गवाह के रूप में सहयोग किया। 25 सितंबर 2024 को जब नीलम सिंह के ससुर रामाधार सिंह ने टेकचंद्र से इस बारे में बात की, तो उसने कथित रूप से कहा, उसे सब पता था, उसने जानबूझकर बैनामा कराया है। अगर तुमने कोई कानूनी कार्रवाई की, तो तुम्हें और तुम्हारे परिवार को जान से मरवा दूँगा। अगर यह जमीन चाहिए, तो मुझे 15 लाख रुपये दो, नहीं तो जमीन पर मेरा कब्जा रहेगा।

## महिला आयोग के दखल के बाद दर्ज हुई रिपोर्ट

राज्य महिला आयोग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली को निर्देश दिए कि महिला की शिकायत पर उचित कार्रवाई की जाए। इसके बाद, विशारतगंज थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जमीन पर अवैध कब्जा और धमकी देने की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अत्यंत सेवा भावी व भजनानंदी संत थीं भक्तिमती पदमा बाई (बुआजी) : आचार्य विपिन बापू महाराज



वेलकम इंडिया

**वृन्दावन।** छटीकरा रोड़ स्थित यशोदानंदन धाम में श्रीराधाकृष्ण प्रेम संस्थान(राजि.) के द्वारा चल रहे भक्तिमती पदमा बाई (बुआजी) के अष्टदिवसीय षष्ठम पुण्य स्मृति महोत्सव के अंतर्गत श्रीहनुमद् आराधन मंडल के द्वारा सुंदरकाण्ड का संगीतमय सामूहिक पाठ किया गया।साथ ही श्रीहनुमानजी महाराज की विशेष आरती की गई।इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रख्यात भागवताचार्य व भक्तिमती पदमा बाई (बुआजी) के परम-कृपापात्र आचार्य विपिन बापू महाराज ने कहा कि निकुंजवासी भक्तिमती पदमा बाई (बुआजी) अत्यंत सेवा भावी व भजनानंदी संत थीं।वे अपने परमाराध्य ठाकुर श्रीगोपालजी महाराज से नित्य लाड़-लड़ाया करती थीं। महोत्सव में साध्वी माँ भावना रामानुजम माताजी एवं स्वामी ललित किशोर व्यासजी महाराज ने कहा कि भक्तिमती पदमा बाई (बुआजी) श्रीधाम वृन्दावन की बहुमूल्य विभूति थीं।उन जैसी दिव्यात्माओं से ही पृथ्वी पर धर्म व अध्यात्म का अस्तित्व है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं भागवताचार्य जगदीश चंद्र शास्त्री ने कहा कि भक्तिमती पदमा बाई (बुआजी) ब्रज निष्ठ, धाम निष्ठ व भगवद निष्ठ संत थीं।उन्होंने अपना समूचा जीवन इन्ही की सेवा, पूजा व साधना में व्यतीत किया। इस अवसर पर आचार्य धर्मवीर शास्त्री, पंडित बुद्धिप्रकाश महाराज, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, रासाचार्य स्वामी प्रेम शरण शर्मा, श्रीमती मुक्ता भरतिया, मनमोहन भरतिया, श्रीमती अनीता मित्तल, राज कुमार मित्तल (नोएडा) आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## लूट की साजिश रहे तीन बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** मसूरी पुलिस ने लूट की साजिश रच रहे तीन बदमाशों को मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपियों को दबोच लिया। बदमाशों के कब्जे से तमंचा, कारतूस, दो मोबाइल और 22 सौ रुपये बरामद हुए हैं। एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी थी कि तीन बदमाश लूट की साजिश रच रहे हैं। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीन बदमाशों को दबोच लिया। एसीपी के मुताबिक पूछताछ में बदमाशों ने अपने नाम हर्ष, साहिल और शिवम निवासी ग्राम मसौता थाना मसूरी बताए। उन्होंने बताया कि वह एनसीआर में लूट की वारदात को अंजाम देते हैं। पकड़े गए आरोपियों से तमंचा, दो मोबाइल और 2200 रुपये की नकदी बरामद की गई है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि बरामद मोबाइल उन्होंने हापुड़ में एक ऑटो चालक से लूटा था। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मसूरी, कपूरपुर और पिलखुआ थाने में लूट और चोरी के केस दर्ज हैं।

## सीओ ने कोतवाली का किया वार्षिक निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**कांधला।** सीओ ने कोतवाली कांधला का निरीक्षण किया। उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कोतवाली में बन रही निमार्णाधीन बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया।

बुधवार को सीओ श्याम सिंह कांधला कोतवाली के वार्षिक निरीक्षण पर पहुंचे। जहां उन्हें गार्ड आफ आनर देकर सलामी दी गई। इसके पश्चात सीओ द्वारा कोतवाली के कार्यालय, हवालात व मालखाना आदि का निरीक्षण किया गया। उन्होंने असलहों तथा रजिस्टरों के रख-रखाव के साथ ही साफ-सफाई का जायजा लिया। सीओ ने कहा कि फरियादियों से पुलिस मधुर व्यवहार अपनाएं और शिकायतों को गंभीरता से लेकर उन पर आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करें। सीओ कैराना श्याम सिंह के द्वारा कोतवाली में बन रही निमार्णाधीन बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह को शीघ्र ही माल मुकदमाती से संबंधित वाहनों को नीलम कराने के भी निर्देश दिए। सीओ श्याम सिंह के जाने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह ने बताया कि सीओ कैराना श्याम सिंह के द्वारा कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोतवाली में कोई खामी ही नहीं मिली है।

## पिता के दोस्त ने किया था बच्चे का अपहरण

**गाजियाबाद।** दो दिन पूर्व वेब सिटी थाना क्षेत्र के गांव दीनानाथपुर पुठद्ठी में रहने वाले मनोज निवासी हरदोई के नौ माह के पुत्र प्रिंस को किसी ने अगवा कर लिया। अगवा किये बच्चे के पिता ने वारदात की रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई थी। उसके बाद एसओ वेब सिटी सर्वेश पाल ने अपहृत अबोध बच्चे की बरामदगी के लिये अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। एसओ के द्वारा की गई मेहनत उस समय रंग ले आई कि जब उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना के बाद अपहरणकर्ता मनोज निवासी बदायूं को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान जब मनोज ने पुलिस को यह बताया कि उसने अपने दोस्त मनोज के अबोध पुत्र को पैसे के लालच में अगवा कर लिया था। उसके बाद उसने काशीपुर जाकर बच्चे को बेच दिया था। सूचना के मिलते ही एसओ सर्वेश पाल ने काशीपुर जाकर अपहृत बच्चे को बरामद कर लिया। श्री पाल की लग्न की वजह से जहां एक संगीन वारदात घटने से बच गई वहीं मासूम के माता पिता के चेहरों की मुस्कान लौटाने का काम भी कर दिखाया।

## युवक पर जानलेवा हमला, दो आरोपी हिरासत में

गाजियाबाद। मोदीनगर में निवाड़ी थानाक्षेत्र के गांव अबूपुर में एक सांप्रदायिक तनाव का मामला सामने आया है। बाजार जा रहे कृष्णपाल सिंह के पुत्र भूपेन्द्र कुमार पर कुछ दबंगों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक की आंख को गंभीर चोट पहुंची है। पुलिस के अनुसार, घटना उस समय हुई जब भूपेन्द्र सामान खरीदने बाजार जा रहा था। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे दबंगों ने अचानक उस पर हमला कर दिया। धारदार हथियार से किए गए वार के बाद युवक बेहोश होकर गिर गया। परिजनों ने घायल भूपेन्द्र को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे गाजियाबाद रेफर कर दिया गया। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर साजिद और अब्दुल्ला समेत कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। अलग-अलग समुदायों का मामला होने के कारण क्षेत्र में तनाव का माहौल है। पुलिस स्थिति पर नजर रखे हुए है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क है।

## पार्किंग में खड़ी कार के शीशे तोडे का विरोध करने पर दी धमकी

गाजियाबाद। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित शिप्रा कृष्णा विस्टा की पार्किंग में खड़ी कार के शीशे तोडे और विरोध करने पर धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायतकर्ता ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया है। शिप्रा कृष्णा विस्टा सोसाइटी निवासी प्रशांत कुमार के अनुसार सोसाइटी में ही रहने वाले दुष्यंत शर्मा ने शनिवार की रात लगभग आठ बजे पार्किंग में खड़ी उनकी कार के सारे शीशे बैट मारकर तोड़ डाले। यह सारी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आरोप है कि उक्त व्यक्ति पहले भी उसे धमकी दे चुका है और घटना के बाद आरोपी ने उनकी गैर मौजूदगी में उनके फ्लैट में घुसने की भी कोशिश की। इंदिरापुरम पुलिस के अनुसार प्रशांत की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## निजी कंपनी के आपरेशन मैनेजर को ईंट से वार कर किया लहूलुहान

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में तीन लोगों ने निजी कंपनी के आपरेशन मैनेजर को ईंट से वार कर लहूलुहान कर दिया। लाजपतनगर निवासी नितिन गुलाठी के अनुसार वह अमेजन कंपनी के नोएडा स्थित कार्यालय में आपरेशन मैनेजर हैं। वह तीन फरवरी की रात लगभग साढे सात बजे कंपनी से घर लौट रहे थे। वसुंधरा गोल चक्कर के पास बाइक से दो साथियों के साथ पहुंचे रितेश ने उनकी बाइक रुकवाते हुए उन्हें गिरा दिया। रोकते हुए गिरा दिया। तीनों ने उन्हें ईंट-पत्थर से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसके चलते उसके सिर से खून बहने लगा। शोर होने पर भीड़ एकत्र होते देख हमलावर फरार हो गए। यातायात पुलिसकर्मी प्रेमपाल ने उन्हें शांति गोपाल अस्पताल में भर्ती कराया। सिर में अधिक चोट लगने के चलते कई टांके लगाए गए। रिपोर्ट दर्ज कर इंदिरापुरम पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## घरेलू सहायिका से लाखों रुपये के गहने वाला गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित प्रहलादगढ़ी में रहने वाली घरेलू सहायिका से एक युवक लाखों रुपये के गहने ठगकर भागने वाले आरोपी को इंदिरापुरम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने महिला के साथ घर में चल रही परेशानी व बाधा दूर करने का झांसा देकर ठगी को अंजाम दिया थी। मूलरूप से बुलंदशहर जनपद के जहांगीराबाद स्थित खालौर निवासी महिला मीरा पत्नी पत्नी चौब सिंह प्रहलादगढ़ी में रहती है और एक सोसाइटी में घरेलू सहायिका का काम करती है। मीरा के अनुसार सोमवार को वह राम प्रस्था सोसाइटी मे काम करने के बाद वापस घर लौट रही थी। इस दौरान जब वह अग्रसैन चौक के पास पहुंची तभी एक युवक ने उसे अपनी बातों के जाल में फंसाया और कहा कि तुम्हारे पास जो गले का लोकेट, कानों की बाली और मोबाइल है उसे पर्स में रख लो और सोने का सामान बुधवार को आटे के पानी में धोकर पहनना। इस दौरान आरोपी कोई मंत्र पढकर बोला कि जाओ इस पत्थर में मैंने तुम्हारी सारी बलाएं बांध दी है, इसे दूर फेंककर आओ और वापस मुडकर नहीं देखना। जब वह कुछ ही देर में वापस आई तो आरोपी उसके जेवरात व मोबाइल लेकर फरार हो चुका था।

## खुलेआम घूम रहे मारपीट के आरोपी, गिरफ्तारी की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी युवक ने एसपी को शिकायती पत्र देकर पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई ना करने का आरोप लगाते हुए धाराओं में छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। एसपी ने मामले में एडिशनल एसपी एवं सीओ कैराना को जांच के आदेश दिए हैं।

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी मुनीर पुत्र आदिल ने एसपी शामली राम सेवक गौतम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि कई दिन पूर्व गांव के ही वसीम पुत्र सफदर, भूरा पुत्र हनीफ, सुफियान पुत्र असलम ने अपने एक दर्जन से अधिक साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के घर पर हमला कर दिया था। हमले में पीड़ित की मां ताहिरा और भाई आमिल गंभीर रूप से घायल हो गए थे।? पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

# संकट एवं समाधान विषय पर नाटक प्रतियोगिता का आयोजन



वेलकम इंडिया

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस पर शिविर का शुभारंभ वी फॉर्मेशन में ध्वजारोहण के साथ किया गया। प्रार्थना एवं झंडा गीत के उपरांत रेंजर्स ने बीपी सिक्स व्यायाम एवं योगा किया। शिविर की प्रथम पहर में रेंजर्स के लिए प्रकृति पर संकट एवं समाधान विषय पर नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने पर्यावरण संबंधी समस्याओं पर नाटक प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर टोली नंबर 7, महाराष्ट्र द्वितीय स्थान पर टोली नंबर दो, जम्मू कश्मीर एवं तृतीय स्थान पर टोली नंबर एक, पंजाब रही। शिविर के दूसरे पहर सहभोज के अंतर्गत समस्त महाविद्यालय परिवार ने रेंजर्स के साथ सहभोज किया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रमोद कुमारी ने रेंजर्स द्वारा आयोजित सहभोज की सराहना करते हुए कहा कि सहभोज के द्वारा हम जाति धर्म गरीब और अमीर की भावना को भूलकर यह याद रखते हैं कि हम सब एक है और इसी भावना के साथ सहभोज हमें आपस में साथ जोड़ने और सभी जाति धर्म का सम्मान करने की भावनाओं को उत्पन्न करता है। इसके साथ रेंजर्स प्रशिक्षक गीता रानी ने रेंजर्स को खोज के चिन्ह, सीटी के संकेत, अनुमान लगाना, कंपास की जानकारी व 16 दिशाओं का ज्ञान संबंधी जानकारी दी। यह सभी कार्यक्रम रेंजर्स प्रभारी डॉक्टर अंकिता त्यागी के निर्देशन में किए गए।

## श्रीव्यास तपोवन (श्रीराम गौ सेवा कुंज) में पंच दिवसीय श्रीहनुमान महायज्ञ 07 फरवरी से

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** गोवर्धन रोड़-ग्राम बहुलावन (बाटी) स्थित श्रीव्यास तपोवन (श्रीराम गौ सेवा कुंज) में श्रीराम मित्र मंडल (रजि.) के द्वारा पंच दिवसीय श्रीहनुमान महायज्ञ दिनांक 07 से 11 फरवरी 2025 पर्यंत अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है।

जानकारी देते हुए समन्वयक डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि श्रीराम मित्र मंडल (रजि.) के अध्यक्ष आचार्य महन्त रामदेव चतुर्वेदी के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले इस पंच दिवसीय श्रीहनुमान महायज्ञ के अंतर्गत प्रख्यात यज्ञाचार्य आचार्य कुंज किशोर चतुर्वेदी (श्रीगोपाल वैष्णव पीठ, गोपाल मन्दिर, मथुरा) के निर्देशन में वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य आहुतियां दीं जाएंगी। इसके अलावा दैनिक श्रीहनुमान चालीसा, सुंदरकांड व भजन-संकीर्तन आदि के कार्यक्रम भी होंगे।

उन्होंने बताया कि इस आयोजन में कोलकाता, कानपुर, दिल्ली, मथुरा-वृन्दावन, मुम्बई, छत्तीसगढ़, मदुरै, सेलम, इन्दौर, मैनपुरी, राजस्थान एवं बाटी आदि स्थानों के भक्त-श्रद्धालु भाग लेंगे। महोत्सव के संयोजक आचार्य लवदेव चतुर्वेदी, आचार्य कुशदेव चतुर्वेदी, श्रीमती कुंजलता चतुर्वेदी एवं जिंदल परिवार, देहली ने समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं से इस आयोजन में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# दो अलग-अलग स्थानों पर मारपीट, दो घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी एक युवक ने गांव के ही एक व्यक्ति और उसके पुत्रों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी बाबू पुत्र इंतजार ने बुधवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित अपने चचेरे भाई के साथ मजाक कर रहा था। आरोप है कि इसी बीच पड़ोस का ही शरीफ भी पीड़ित के साथ मजाक करने लगा। पीडित ने मजाक करने का विरोध किया तो आरोप है कि शरीफ ने अपने दो पुत्रों के साथ मिलकर पीड़ित के सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया। हमले में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं कस्बे के मोहल्ला इदरीश बैग बिहार कालोनी निवासी नावेद ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पड़ोस के ही युवक साजिद ने पीड़ित से दो हजार रुपए उधार ले रखे हैं। पीड़ित ने अपने रुपए मांगे तो आरोप है कि साजिद ने पीड़ित को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बीड़ी का बंडल ना देने पर मारपीट, थाने पर शिकायत, पुलिस जांच में जुटी

वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही दो युवकों पर बीड़ी का बंडल न देने पर पीड़ित के भतीजे के साथ मारपीट करने और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी कई लोगों के खिलाफ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी रविंद्र पुत्र निर्मल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार की शाम को उसका भतीजा भोली अपनी दुकान पर बैठा था। इसी बीच गांव का ही नवनीत व अंकुर दुकान पर पहुंचे और बीड़ी का बंडल मांगने लगे। पीड़ित के भतीजे ने बंडल ना होने की बात कही तो आरोप है कि दोनों आग बबूला हो गए और पीड़ित के भतीजे के साथ मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने लगे। शोर शराबा सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर आ गए। आरोप है कि दोनों युवक जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं दूसरी ओर नवनीत ने भी थाने पर तहरीर देते हुए भोली, कोमल व अमर पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध पंचायत का आयोजन, कमेटी का हुआ गठन

वेलकम इंडिया



**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला मोलानान में सैकड़ो लोगों ने पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में नशे की रोकथाम के लिए एक पंचायत का आयोजन किया। पंचायत में नगर में बिक रहे मादक पदार्थ की बिक्री की रोकथाम करने के लिए कमेटी गठित की गई।

इस दौरान सैकड़ो लोग मौजूद रहे। नगर एवं क्षेत्र में नशे का कारोबार फल फूल रहा है। नगर के दर्जनों स्थानों पर स्मैक, गांजा, चरस, डोडा, शराब सहित आदि मादक पदार्थों की तस्करी हो रही है। नशे की लत में पड़कर दर्जनों युवा अपनी जान गवा चुके हैं। और सैकड़ो युवाओं को नशे ने अपनी चपेट में ले रखा है। पुलिस के द्वारा कुछ नशा तस्करों पर कार्रवाई की जा चुकी है मगर नशे के सौदागर फिर से जमानत पर आ जाने के बाद अपने कार्य को अंजाम देने लगते हैं। नशे की रोकथाम के लिए कई बार पंचायत हो चुकी है। मुस्लिम धर्म गुरुओं के द्वारा भी नशे की रोकथाम के लिए अपील की गई है मगर इसके बावजूद भी नशे के सौदागर खुलेआम मादक पदार्थ बेच रहे हैं। बुधवार को नगर के मोहल्ला मौलानान स्थित बाहरी बैठक में पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम की अध्यक्षता में एक पंचायत आयोजित की गई। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नशा नाश की जड़ है नशा बेचने के लिए अब महिलाएं भी शामिल हो गई है। 15 दिन के भीतर पुलिस ने दो बार एक महिला को मादक पदार्थ बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जिस तरह से नगर एवं क्षेत्र में नशे का कारोबार हो रहा है इससे हमारी आने वाली नस्ल भी खराब हो जाएंगी। नशे की रोकथाम के लिए समाज के लोगों को आगे आकर प्रशासन का सहयोग करना होगा। इस दौरान नशे की रोकथाम के लिए पंचायत में एक कमेटी गठित की गई। कमेटी के द्वारा नगर के गली मोहल्ले में घूम कर लोगों को जागरूक करने का काम किया जाएगा। इस दौरान पंचायत में निर्णय लिया गया कि जल्दी एक प्रतिनिधिमंडल जनफद के उच्च अधिकारियों से मिलकर नशा कारोबारियों को पकड़ने के लिए की स्पेशल टीम का गठन करने की मांग करते हुए उन पर कार्रवाई किए जाने की मांग करेगा। इस दौरान बैठक में सभासद अफजाल अहमद, इस्माइल सिद्दीकी, सावेज सिद्दीकी जुनैद अख्तर, तहरीम, जुबेर, आबिद, रिजवान, शाहिद, आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



# दो दिवसीय जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित, डीडीओ प्रज्ञा श्रीवास्तवा ने किया शुभारम्भ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग गाजियाबाद द्वारा जनपद स्तरीय उ०प्र० ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत दो दिवसीय जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन महामाया स्पोर्टस स्टेडियम गाजियाबाद में किया जा रहा है। जिसमें सभी विकास खण्डों के खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों द्वारा जनपद स्तर पर प्रतिभाग किया गया।प्रतियोगिता का उद्घाटन श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तवा जिला विकास अधिकारी/ प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैलून उड़ाकर किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत ?कबड्डी, जूड़ो, कुश्ती, फुटबॉल, बॉलीबॉल, बैटमिन्टन, ऐथलेटिक्स व भारोत्तोलन विधाओं में प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। आज खेल प्रतियोगिता में ऐथलेटिक्स (दौड़ व लम्बीकूद) व कबड्डी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। ऐथलेटिक्स में 100, 200, 400, 800 मीटर दौड का आयोजन किया गया, जिसमें सीनियर, जूनियर व सब जूनियर बालक/बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। विजेता बालक-बालिका खिलाड़ियों को मैडल व प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

श्री जयपाल सिंह सागर जि.यु.क.एवं प्रा.वि.द.अधिकारी, श्री सर्वेश सिंह, श्रीमती ऋचा तिवारी, श्रीमती आशिमा गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व दर्शक उपस्थित रहे।

## लग्जरी सोसाइटी में कार के शीशे तोड़े, 4 दिन बाद एफआईआर

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम में स्थित प्रीमियम हाईराइज सोसाइटी कृष्णा विस्टा में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक व्यक्ति ने क्रिकेट बैट से दूसरे निवासी की कार के सभी शीशे तोड़ दिए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, लेकिन पुलिस ने चार दिन तक कोई कार्रवाई नहीं की। घटना 1 फरवरी को हुई, जब सोसाइटी के बी टावर में रहने वाले दुष्यंत शर्मा ने व्यवसायी प्रशांत की कार को निशाना बनाया। सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि आरोपी दुष्यंत क्रिकेट बैट लेकर आया और कार के सभी शीशे तोड़ दिए। पीड़ित प्रशांत ने बताया कि वह चार दिन तक पुलिस चौकी और थाने के चक्कर लगाते रहे, लेकिन उनकी शिकायत दर्ज नहीं की गई। मामला तब गंभीर हुआ जब दैनिक भास्कर ने इस घटना का संज्ञान लिया और सीसीटीवी फुटेज के साथ पुलिस से सवाल किए। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया।

# दिव्य महाकुंभ के अवसर पर सीबीएसई के तत्वाधान से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** बीएसई के तत्वाधान से भारत सरकार निदेर्शानुसार सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल द्वारा भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के प्रतीक दिव्य महाकुंभ के विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत चित्रकला में पारंगत लगभग 200 विद्यार्थियों ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया और भव्य महाकुंभ, दिव्य महाकुंभ, व एक भारत श्रेष्ठ भारत विषयों पर अपनी रचनात्मक चित्रकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर छात्रों द्वारा अपनी कुशल कला का प्रदर्शन किया गया। इस प्रतियोगिता को दो वर्गों में आयोजित किया गया जिसमें कक्षा 6 से 8 व कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 में मानवी, अवनी चिकारा व कुनाल तथा कक्षा 9 से 12 में माही, अनुष्का चौधरी, व कन्नू वर्मा को विजेता घोषित किया गया। सभी प्रतिभागियों द्वारा भव्य महाकुंभ के विषय पर चित्रकारी अद्भुत और अलौकिक तरह से चित्र फलक पर चित्रित की गई। जो यह प्रदर्शित करता है कि हमें अपनी सभ्यता और संस्कृति की जड़ों को रचनात्मक तरीकों से प्रदर्शित करना व रचनात्मक तरीकों से आत्मसात करना कितना आवश्यक है। इस भव्य आयोजन पर जिन विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में विजेता के रूप में विजय घोषित किया गया है उन विद्यार्थियों को ‟सुरेविन आर्टिस्ट कौन‟ की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन श्री तुषार गुप्ता, डॉ शिखा दरबारी व स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु द्वारा सभी छात्रों को बधाई देते हुए प्रतियोगिता की संयोजक कोऑर्डिनेटर जया कौशिक व निर्णायक मंडल श्रीमती सुमन शर्मा व प्रीति शर्मा व सभी बच्चों की चित्रकारी कृतियों को सरहाया गया और विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी।

## व्यापार मंडल द्वारा डॉ. अरुण त्यागी का किया गया जोरदार स्वागत




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** व्यापार मंडल द्वारा खो-खो वर्ल्ड कप विजेता भारतीय टीम के प्रोटोकॉल अधिकारी व टेक्निकल एक्सपर्ट डॉ. अरुण त्यागी का मोदीनगर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।गोविंदपुरी व्यापार मंडल के अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने कहा की अरुण त्यागी जो निकटवर्ती ग्राम सारा से है उनका बचपन से अब तक का सफर हम सब लोगों के साथ का रहा है और इनका व्यवहार इनका सहयोग आमजन के लिए बहुत ही सराहनीय है और सभी का आशीर्वाद इनको इस मुकाम तक लेकर आया है संतपुरा हरमुख पुरी व्यापार मंडल के अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने कहा की डॉ. अरुण त्यागी का जीवन हमेशा खेल के प्रति समर्पित रहा है इन्होंने हमारे साथ खेल को खेला ही नहीं बल्कि उसको आगे बढ़ाने में शहर ही नहीं देश के खेलों को भी आगे बढ़ाने में विशेष योगदान दिया है इनके द्वारा खेल और शारीरिक शिक्षा पर लिखी पुस्तकें आज देश ही नहीं विदेशों में भी पढ़ाई जा रही है जो हमारे शहर के लिए बड़े ही गर्व का विषय है डा.अरूण त्यागी ने सभी व्यापारियों बन्धुओं का धन्यवाद किया इस अवसर पर व्यापार मंडल से जितेंद्र त्यागी, अनिल बिश्नोई, संजीव चिकारा, पुनीत सोनी, मनोज सिंघल, संतोष, राकेश बंसल, पप्पू बिश्नोई, नीरज चौधरी, प्रवीण मित्तल, अशोक चौधरी, पवन चौधरी, वैभव जिंदल, अजय महेश्वरी, मनुज चौधरी, ललित, सोनू शर्मा, आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वार्ड नं 29 आदर्श नगर आत्मनिर्भर वार्ड के अंतर्गत कंपोस्ट पिट का उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** नगर पालिका परिषद एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सालय के ( परिसर ) में संयुक्त तत्वावधान में वार्ड नं 29 आदर्श नगर आत्मनिर्भर वार्ड के अंतर्गत कंपोस्ट पिट का उद्घाटन

डॉ प्रणति जोशी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, वार्ड सभासद ललित त्यागी ,सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया तत्पश्चात गोष्ठी भी आयोजित की गई, इस मौके पर डॉ प्रणति जोशी ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए आह्वान किया की सभी हॉस्पिटल के अधिकारी व कर्मचारीगण स्वच्छ भारत मिशन में सहयोग करेंगे प्रतिदिन सफाई कर पेड़ पौधों की पत्तियों को कम्पोस्टिंग गड्ढे के द्वारा खाद बनवाने में सहयोग करेंगे और अपने-अपने घर में एक-एक होम कंपोस्टर भी लगाएंगे जिससे घर का कचरा घर में ही मैनेज हो सके, और सभी को गीला सूखा अलग-अलग रखने के लिए निर्देशित किया । क्षेत्रीय सभासद ललित त्यागी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की हमें गीला सूखा कूड़ा अलग-अलग रखना चाहिए एवं रिक्शा या गाड़ी में देना चाहिए ये हम की सभी की जिम्मेदारी है ताकि कचरे का सही से प्रबंध किया जा सके और लोगों से अपील की कि इस प्रबंधन में सभी नागरिकों का सहयोग जरूरी है ताकि नगर पालिका परिषद की रैंकिंग नंबर वन आ सके । नरेश चन्द सीनियर फील्ड ऑफिसर ने स्वच्छ भारत मिशन के विषय में जानकारी दी और सरकार द्वारा चलाए जा रहे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के विषय में कहां की आत्मनिर्भर वार्ड व कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय (हॉस्पिटल )से निकलने वाले गीले कचरे की कंपोस्टिंग की शुरू की गयी सभी को कंपोस्टिंग की विधियां होम कंपोस्टर, कम्युनिटी कंपोस्टर, पोस्टिंग पिट, अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र के विषय में विस्तार पूर्वक समझाया गया।

## ऐप के जरिये चालक को नौकरी पर रखना पड़ा भारी, दस लाख रुपये लेकर फरार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राजनगर निवासी व्यक्ति को ऐप के जरिये चालक को नौकरी पर रखना महंगा पड़ गया। आरोपी चालक ड्यूटी के दूसरे ही दिन गाड़ी में रखे दस लाख रुपये लेकर फरार हो गया।

घटना के संबंध में पीड़ित ने कविनगर थाने में शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपी चालक की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। राजनगर सेक्टर-पांच निवासी राकेश कुमार मित्तल का कहना है कि उन्होंने एक ऐप के जरिये अभिषेक मिश्रा को चालक की नौकरी पर रखा था। उसने ऐप पर अपना ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड भेजा था। नौकरी पर रखने के बाद वह 29 जनवरी को काम पर आया था। उसके साथ सुनील तिवारी नाम का व्यक्ति भी आया था। उन्होंने दोनों को पुलिस वेरिफिकेशन कराकर लाने की बात कहते हुए भेज दिया था। राकेश कुमार मित्तल का कहना है कि चार फरवरी की सुबह को चालक अभिषेक मिश्रा अपने साथी सुनील के साथ आया। उन्होंने सुनील को वापस भेज दिया तथा वह अभिषेक मिश्रा को गाड़ी पर लेकर साकेत दिल्ली स्थित मैक्स अस्पताल ले गए। पत्नी का अस्पताल में उपचार कराने के लिए उन्होंने रास्ते में पडे वाले अपने होटल से 10 लाख रुपये लिए और उन्हें सीट के नीचे रख दिया।

रात करीब सवा नौ बजे वह अपनी बेटी के साथ ऊपर चले गए। आरोप है कि इसी दौरान अभिषेक मिश्रा गाड़ी में रखे दस लाख रुपये लेकर फरार हो गया। राकेश कुमार मित्तल के मुताबिक रकम जिस बैग में रखी थी, उसमें उनके महत्वपूर्ण दस्तावेज भी रखे थे। घटना के संबंध में कविनगर थाने में शिकायत दी।

## लक्की ड्रा विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** आरएन कलैक्शन सेंटर द्वारा बुधवार को शोरूम पर आयोजित एक कार्यक्रम में लक्की ड्रा विजेताओं को उनके पूर्व में निकले पुरस्कार वितरित किए गए । विजेताओं को प्रथम को स्कॉर्पियो गाड़ी, दूसरे को बुलेट मोटरसाइकिल, तीसरे को स्कूटी और चौथे को आईफोन पुरस्कार स्वरूप भेंट किये

उल्लेखनीय है कि सीकरी कलां के निकट हाईवे पर स्थित एक फार्म हाउस में रेडीमेड कपड़ों के विशाल शोरूम आरएन कलैक्शन सेंटर द्वारा 31 दिसंबर को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में लकी ड्रा के जरिए निकाले गए। आर एन रिसोर्ट फार्म हाउस के प्रांगण में आयोजित भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू सिवाच द्वारा किया गया था। मुख्य अतिथि डॉ मंजू शिवाच ने अपने संबोधन में आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता की अंधी दौड में शामिल होने की बजाय अन्य सही तरीकों से भी व्यवसाय को आगे बढ़ाया जा सकता है। इस दौरान लकी ड्रॉ द्वारा निकाले गए। बता दे कि भगवानगंज मंडी स्थित रेडीमेड गारमेंट शोरूम आर एन कलेक्शन सेंटर ने एक स्कीम के तहत हर दस हजार रूपए तक की खरीद पर एक कूपन ग्राहकों को दिया था। जिसमें चार बड़े इनाम स्कॉर्पियो, बुलेट, स्कूटी तथा आईफोन के अलावा अनेक सांत्वना पुरस्कार भी रखे गए थे। इसी स्कीम के भाग्यशाली विजेताओं को लकी ड्रा के जरिए चुनने के लिए आरएन कलेक्शन सेंटर द्वारा साल के अंत में यह पुरस्कार वितरण समारोह आज आयोजित किया गया था।प्रथम प्राइज रणवीर सिंह राणा बेगमाबाद, द्वितीय प्राइज रेनू गुप्ता आनंद विहार, थर्ड प्राइज अमित कृष्ण कावेरी कॉलोनी एवं फोर्थ प्राइज भारतीय बिंदल आनंद विहार को दिया गया। आयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पवन सिंघल ने सभी भाग्यशाली विजेताओं को बधाई दी।इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री रामकिशोर अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



## पांच दिवसीय टैक्सटाइल वीविंग कार्यशाला का शुभारंभ

वेलकम इंडिया

### कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन हेतु गृह विज्ञान विभाग की सभी शिक्षिकाओं और छात्राओं ने पूर्ण सहयोग दिया।

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में संचालित स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम के गृह विज्ञान विभाग में पांच दिवसीय टैक्सटाइल वीविंग कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा के निर्देश अनुसार किया गया। कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान विभाग की शिक्षिका श्रीमती राखी शर्मा द्वारा किया गया जिनका मुख्य रूप से डॉ मीनू अग्रवाल, टैक्सटाइल एंड क्लॉथिंग की विभागाध्यक्षा ने पूर्ण सहयोग दिया। इस कार्यशाला के लिए हापुड़ से बुनकर विशेषज्ञ फूल सिंह को आमंत्रित किया गया जिन्होंने एमएससी टैक्सटाइल एंड क्लॉथिंग की छात्राओं को लूम तैयार करने की प्रक्रिया समझाई। डॉ मीनू अग्रवाल ने छात्राओं को बताया कि करघा एक मशीन है जिसका उपयोग कपड़ा बनाने के लिए किया जाता है और जो लोगों के लिए घर पर कपड़ा बनाना संभव बनाता है । कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती राखी शर्मा ने बुनाई को एक मनोवैज्ञानिक तत्व से जोड़ते हुए कहा कि बुनाई करने से डिप्रेशन चिंता और तनाव दूर होते हैं इसके अलावा गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारियां जैसे डिमेंशिया अल्जाइमर आदि का खतरा भी कम होता है। कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन हेतु गृह विज्ञान विभाग की सभी शिक्षिकाओं और छात्राओं ने पूर्ण सहयोग दिया।

# महिला की हत्या कर शव को छुपाने वाला आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** करीब दो सप्ताह से लापता महिला की हत्या उसी के तलाकशुदा पति द्वारा न्यायालय द्वारा किये गए हजार्ने से बचने के लिए की गई थी।

पुलिस से मामले का खुलासा करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि गत 23 जनवरी को थाना मोदीनगर पर आवेदिका मन्जू शर्मा निवासी मोदीनगर द्वारा खुद की बहन मधु शर्मा उम्र 41 वर्ष का गत माह 21 जनवरी को घर से ड्यूटी के लिए बोलकर जाने तथा वापस ना आने के सम्बन्ध में एक तहरीर दी गई। जिस पर थाना मोदीनगर पुलिस द्वारा तत्काल गुमशुदगी दर्ज कर गुमशुदा की तलाश हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। 31 जनवरी को आवेदिका मंजू शर्मा उपरोक्त द्वारा पुनः थाना आकर एक प्रार्थनापत्र बाबत खुद की बहन मधु शर्मा के तलाकशुदा पति वीरेन्द्र उर्फ सोनू पुत्र महतवन्द्र शमी निवासी ग्राम चुडियाला थाना भोजपुर द्वारा आवेदिका के बहन की हत्या करने के इरादे से बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में तहरीर दी गई। जिस पर थाना मोदीनगर पुलिस द्वारा तत्काल मुकदमा दर्ज किया गया। गुमशुदा की बरामदगी व अभियुक की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। 5 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर वांछित आरोपी वीरेन्द्र उर्फ सोनू को सौन्दा रोड मोदीनगर से घटना में प्रयुक्त गाडी सहित गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया गया। पूछताछ में आरोपी वीरेन्द्र उर्फ सोनू ने बताया कि मेरी शादी दिसम्बर 2002 में मधू शर्मा से हुई थी शादी के 02 वर्ष बाद ही हम दोनों पति - पत्नि अलग हो गये। मधु शर्मा अपने परिवार के साथ मोदीनगर में रहने लगी। जिसके पश्चात माननीय न्यायालय द्वारा जुलाई 2014 में मेरा एक पक्षीय तलाक स्वीकृत कर दिया गया। फिर मधू शर्मा ने परिवार न्यायालय गाजियाबाद में खर्चे का वाद दायर कर दिया।



# नगर पालिका प्रशासन द्वारा मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** नगर पालिका प्रशासन द्वारा मुख्य मार्ग राज चोपला से बस अड्डे तक नालो के ऊपर से अतिक्रमण हटाया गया। पालिका कर्मी अतिक्रमणकारियों के सामान को पांच ट्रैक्टरों में भरकर नगर पालिका ले गए। पालिका के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्रा के निदेर्शानुसार पालिका के एस एस आई दिनेश कुमार के नेतृत्व में पालिका कर्मचारियों ने मुख्य मार्ग राज चोपला से बस अड्डे तक नाले के ऊपर किया गया अतिक्रमण हटाया गया । अतिक्रमण कार्यों से 17 हजार का जमाना भी लगया गया।अतिक्रमण होने के कारण मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति बनी हुई थी। पालिका प्रशासन ने बताया कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

# बंधक मकान का सौदा कर 50 लाख रुपये हड़पने का आरोप

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट थानाक्षेत्र में बैंक में बंधक मकान का सौदा कर 50 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित के मुताबिक लोन जमा न होने पर बैंक आरोपियों के मकान को नीलाम करने की प्रक्रिया शुरू करने वाला था।

इससे बचने के लिए आरोपी परिवार ने मकान का सौदा उन्हें कर दिया। आरोपियों ने उनसे 50 लाख रुपये लेकर मकान बंधन मुक्त करा लिया और बाद में मकान का बैनामा करने से इनकार कर दिया। सोहन लाल स्ट्रीट देहली गेट निवासी कुलदीप कुमार गर्ग का कहना है कि लोहिया नगर बी-ब्लॉक निवासी अशोक कुमार वर्मा, उनकी पत्नी बीना सोनी तथा बेटे अमित सोनी व अनूप सोनी ने उन्हें बताया कि वह लोहिया नगर स्थित मकान के मालिक हैं। उनका मकान पीएनबी में बंधक है। लोन का भुगतान न करने के कारण बैंक उनके मकान को नीलाम कर पैसा वसूल करना चाहता है। इसके चलते वह अपना मकान उन्हें बेचना चाहते हैं। कुलदीप कुमार गर्ग के मुताबिक मकान का सौदा एक करोड़ पांच लाख रुपये में हुआ। अशोक कुमार वर्मा और उनके परिजनों ने 50 लाख रुपये लेकर 21 अगस्त 2024 को मकान बिक्री का एग्रीमेंट किया।

# नगर आयुक्त ने आईजीआरएस से प्राप्त संदर्भों पर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण को लेकर विभागों की लगाई क्लास

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता रखने के लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक अब खुद फरियादियों की शिकायत सुनते है और साथ ही समस्या का निस्तारण होने के बाद खुद ही फरियादियों को फोन कर उसका फीडबैक ले रहे है। यह सब इसलिए कि नगर निगम में आने वाली सभी शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता के साथ आमजन के साथ तालमेल बैठाया जा सकें। खुद के सभी अधिकारियों को भी निर्देश दे रहे है, जब तक शिकायतकर्ता से उसकी समस्या का समाधान होने के बाद फीडबैक नहीं लिया जाता है तब तक शिकायतकर्ता पूरी तरह से संतुष्ट नहीं हो सकता है। शिकायत का निस्तारण और शहर का विकास करना हम नगर निगम की प्राथमिकता में है। उसी प्राथमिकता के आधार पर नगर आयुक्त नगर निगम के कामकाज को डिजीटल करने के साथ-साथ लोगों की उम्मीदों पर भी खरा उतरने का प्रयास कर रहे है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में बुधवार को एकीकृत जन शिकायत निवारण प्रणाली, 311, समीर एप एवं संभव के संदर्भों को लेकर बुधवार को नगर निगम मुख्यालय में विभागों की बैठक हुई। बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ सभी विभागों के बाबू, कर्मचारी व कंप्यूटर ऑपरेटर भी उपस्थित रहे। सभी से बारी-बारी नगर आयुक्त द्वारा जन समस्याओं के निस्तारण के लिए चल रही कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार भी उपस्थित रहे। मुख्य रूप से नगर आयुक्त द्वारा आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी चाही गई और प्राप्त संदर्भों पर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण हो निर्देश दिए। मौके पर नगर आयुक्त द्वारा रामप्रस्था वार्ड संख्या 97 के शिकायतकर्ता त्रिलोकी चद सिंह लवली से भी फोन लगाकर वार्ता की। जलकल विभाग द्वारा किए गए समस्या के समाधान पर फीडबैक भी मांगा। शिकायतकर्ता द्वारा संतुष्टि जताई गई और कार्य रफ्तार बढ़ाने के लिए निवेदन भी किया। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा वसुंधरा प्रहलाद गाड़ी क्षेत्र के अरुण और जितेंद्र श्रीवास्तव साहिबाबाद को भी संपर्क करते हुए फीडबैक लिया। अधिकारियों को दिए गए फीडबैक पर और बेहतर कार्य करने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए। उद्यान विभाग] स्वास्थ्य विभाग टीम को आपसी समन्वय बनाते हुए शहर हित में कार्य करने के लिए कड़े निर्देश दिए। कार्य में लापरवाही पाए जाने पर सस्पेंड करने के लिए भी चेतावनी दी गई। नगर आयुक्त ने कहा नगर निगम में विभिन्न माध्यमों से आने वाली शिकायतों का निस्तारण होने के उपरांत खुद अधिकारी फोन कर उसका फीडबैक लें।

नगर निगम शहर हित में 24 घंटे कार्य के लिए तत्पर है। कार्य की रफ्तार बनाए रखने के लिए भी विभागों की टीम को निर्देश दिए। नगर आयुक्त द्वारा बताया कि नगर निगम को प्रतिदिन 70 से 90 आईजीआरएस के माध्यम से संदर्भ प्राप्त होते हैं। जिनमें 80 प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही प्रतिदिन विभागों द्वारा की जाती है। कार्य की रफ्तार और गुणवत्ता पूर्वक कार्य करने के लिए टीम को निर्देश दिए। अपर नगर आयुक्त व वरिष्ठ प्रभारी को प्रतिदिन मॉनिटरिंग बढ़ाने एवं समस्याओं की गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया।

## वेलकम इंडिया



जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा आईएएस द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय पर जनसुनवाई की गयी। इस दौरान एडीएम एफ/आर श्री सौरभ भट्ट भी उपस्थित रहे। इस मौके पर नवनियुक्त जिलाधिकारी को बधाई देने वालों की भी भीड़ लगी रही।

# 40 हजार वर्ग मीटर जमीन पर बनेंगी बैंक्वेट हॉल, स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स और दुकानः महापौर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक डूंडाहेड़ा में खाली कराई निगम की 40 हजार वर्ग मीटर जमीन पर बैंक्वेट हॉल, स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स और दुकान बनाई जाएंगी। महापौर ने बुधवार को निगम अधिकारियों के साथ जमीन का निरीक्षण किया। महापौर सुनीता दयाल ने निरीक्षण के दौरान देखा कि क्रॉसिंग रिपब्लिक से ट्रीटमेंट प्लांट मुख्य रोड पर निगम द्वारा आय के स्रोत बनाए ज सकते हैं। इस पर कार्य करने के लिए अधिकारियों वार्ता की गई। महापौर ने बताया कि स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स, भवन और दुकान आदि बनाने की तैयार की जा रही है। किसी भी प्रकार के भवन बनाए जाने से निगम की आय बढ़ेगी। साथ ही निगम की जमीन सुरक्षित रहेगी। महापौर ने बताया कि पूर्व में कैला भट्ट और नूरनगर में खाली करवाई जमीन पर भी दुकानें बनाई जाएंगी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि अभी 10 हजार वर्गमीटर जमीन पर कब्जा है। वहां पर चार्जिंग स्टेशन बना लिया है। टीनशेड डालकर कब्जा है। लोग पशु पाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि जमीन को जल्दी खाली कराया जाएगा। निगम की जमीन कब्जाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उनके साथ संपत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह और संपत्ति अधीक्षक रामाशंकर वर्मा आदि मौजूद रहे।

# डी-342 गैंग के सरगना को मुठभेड़ में किया घायल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अपराधियों की कमर तोडे के लिए नगर क्षेत्र में डीसीपी सिटी राजेश राजेश कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान से बदमाशों में पुलिस का खौफ फिर से दिखाई देने लगा है। नगर क्षेत्र में बदमाशों की कमर तोडे के लिए यहां ऑपरेशन लंगड़ा जारी है। ऑपरेशन लगड़ा के तहत कई बदमाशों को पुलिस उन्हें उनकी सही जगह पहुंचा रही है।

साथ ही उन्हें उनकी सही जगह पहुंचाने से पहले उनकी अच्छी तरह से खातिरदारी भी की जा रही है। राजेश कुमार के सिटी जोन का चार्ज संभालने के बाद से ही अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ अभियान जारी है। कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए उन्होंने फरार चल रहे ईनामी बदमाशों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। साथ ही बदमाशों को उन्हीं की भाषा में जवाब भी दिया जा रहा है। डीसीपी सिटी के मुताबिक मुठभेड़ में घायल अपराधियों की संख्या कहीं ज्यादा होना इस ओर इशारा करती है कि उन्हें जान से मारना पुलिस का मकसद नहीं होता। पुलिस का पहला उद्देश्य अपराधी को गिरफ्तार करना होता है, न की उसे मारना है। लेकिन जब बदमाश ही पुलिस पर जान से मारने के उद्देश्य से फायर कर दें तो उन्हें अपने आत्मरक्षा में फायरिंग करने का अधिकार है। जिसके लिए डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने खुद अपने पुलिसधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि अपराध पर नियत्रंण के लिए अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई करें। अगर किसी के कार्यों में लापरवाही सामने आई तो संबंधित अधिकारी भी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। डीसीपी सिटी की टीम ने एक बार फिर से पुलिस मुठभेड़ में डी-342 गैंग के मुखिया को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया बदमाश लूट, छिनैती व चोरी की वारदातों में फरार चल रहा था। जब पुलिस ने गिरफ्तार किया तो माल बरामदगी के लिए आरोपी द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंची तो आरोपी ने मौका देखकर हथियार से पुलिस टीम पर ही फायर कर दिया। जिसमें एक पुलिसकर्मी के कान के बराबर से गोली निकलते हुए सरकारी गाड़ी के शीशे को तोड़ते हुए सीट में जा घुसी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। एसीपी कवि नगर स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया बुधवार को गैंगस्टर और शातिर लुटेरे दीपक निवासी करनपुर अनूपशहर बुलंदशहर हाल मोरटा को अपने साथ लेकर लूट व चोरी का माल बरामद करने के लिये उसके ठिकाने पर जा रही थी। दीपक द्वारा बताये गये स्थान पर जब पुलिस पहुंची तो उसने वहां पर माल की जगह तमंचा छिपाया हुआ था। आरोपी ने तमंचा निकालकर एसओ की गाडी पर फायर झोंक दिया। गैंगस्टर द्वारा चलाई गई गोली माइक चालक विनोद कुमार शर्मा के कान को छूकर गाड़ी के शीशे को तोड़ते हुए ड्राइवर शीट में जा घुसी। उसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। इस मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से दीपक घायल हो गया। उसके बाद पुलिस ने घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार दिलाकर जेल भेज दिया गया। एसीपी ने बताया इस गैंग में कुल चार शातिर अपराधी शामिल हैं, जिनका नेतृत्व दीपक करता है। मौके से तमंचे और कारतूस बरामद हुए हैं। दीपक पर गाजियाबाद के थाना नंदग्राम, कवि नगर, मधुबन बापूधाम समेत सात मुकदमे दर्ज है। जिसमें एक मुकदमा गैंगस्टर का भी है। दीपक के दो साथी पहले से जेल में है वहीं उसके एक बदमाश साथी रविंद्र को कवि नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

कानून पुलिस को इसकी इजाजत देता है, इस तरह के एनकाउंटर में पुलिसकर्मियों और अपराधियों दोनों के चोटिल होने और जान गंवाने का खतरा होता है। नगर क्षेत्र में अपराधियों का राज बिल्कुल भी नहीं चलने दिया जाएगा। अपराधियों की कमर तोडे के लिए आगे भी पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। नगर क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाना पुलिस की प्रथम प्राथमिकता है।

# त्रिदिवसीय बालरंग प्रतियोगिता का हुआ समापन, एसडी ग्लोबल ने जीता प्रथम पुरूस्कार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** हिन्दी भवन समिति एवं नाटकबाज थिएटर तथा ललित जयसवाल और सुभाष गर्ग के सहयोग से नाटकबाज थिएटर द्वारा आयोजित नाट्य निर्देशक प्रमोद शर्मा के संयोजन व निर्देशन में त्रिदिवसीय बालरंग प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। तीन दिन तक चली इस प्रतियोगिता में दस स्कूलों के विद्यार्थियों ने रंग मंच पर अपने अभिनय से जमकर रंग बिखेरे। सभी ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।

इतनी कम उम्र में विद्यार्थियों का अभिनय देखकर दर्शकों ने दांतों तले उंगली दबा ली। कुटुबं प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, महिला सशक्तिकरण और स्वदेशी जीवन शैली पर जो प्रस्तुति स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा दी गई उसे देखकर दर्शकों ने उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विशिष्ठ अतिथि सचिव संगीत नाट्य अकादमी दिल्ली, सुमन कुमार, जिलाधिकारी दीपक मीणा, अतिथि में सुभाष गुप्ता, जितेंद्र गोयल उपस्थित रहे। वरिष्ठ नाटककारों केशव प्रसाद, आभूषण को व संगीतकार हरिदत्त शर्मा को सम्मानित भी किया। प्रतियोगिता में पहला स्थान एचडी ग्लोबल स्कूल नेहरू नगर रहा।

इसके साथ ही बेस्ट एक्टर का खिताब हिमेश (समय) डीपीएस एच आरआईटी, वेस्ट को-एक्टर प्राची मिश्रा गोलू, रामकृष्ण इंस्टीट्यूट, बेस्ट कैरेक्टर डोली (अंधी लड़की) बाल जगत, बेस्ट स्क्रिप्ट जेकेजी इंटरनेशनल, बेस्ट कॉस्ट्यूम राणा प्रताप स्कूल, बेस्ट मेकअप डीपीएस एचआरआईटी को मिला। पहले दिन जीकेजी स्कूल के बच्चों ने गृह वृक्ष तपस्या का मार्ग नाटक की प्रस्तुति दी। इसके बाद ग्रीन फील्ड संजय नगर के बच्चों ने कहीं देर ना हो जाए नाटक पेश किया।

# दोस्त ने 80 हजार में बेचा बच्चा, पुलिस ने 12 घंटे में किया बरामद



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां 9 महीने के मासूम बच्चे को उसके पिता का दोस्त 80 हजार रुपए में बेच देने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 12 घंटों के भीतर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया और इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना वेव सिटी में 4 फरवरी को मनोज नाम के व्यक्ति ने अपने 9 महीने के बेटे हर्षित के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, उसका दोस्त मनोज बच्चे को खिलाने के बहाने ले गया था और फिर लापता हो गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कई टीमें गठित कीं और जांच शुरू की। एक ही फैक्ट्री में काम करते थे जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि बच्चे का अपहरण उसके पिता के दोस्त मनोज ने किया था, जो एक ही फैक्ट्री में काम करता था। आरोपी मनोज ने बच्चे को महावीर नाम के व्यक्ति को 80,000 रुपए में बेचने की साजिश रची थी। महावीर और उसकी पत्नी की 20 साल की शादी के बाद भी कोई संतान नहीं थी। तीनों आरोपी पहले बांसखेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया की एक ही फैक्ट्री में काम करते थे, जहां उनकी मुलाकात हुई थी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर बच्चे को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया है। यह मामला बाल तस्करी के खिलाफ पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई का उदाहरण है। फैक्ट्री बंद होने के बाद मनोज गाजियाबाद आ गया था और महावीर वहीं काम कर रहा था। महावीर के साथ ही फैक्ट्री में हरबंस काम करता था। हरबंस की उम्र 42 साल है और उसकी शादी को 20 साल हो चुके हैं। घर में शादी के 20 साल होने के बावजूद कोई बच्चा ना होने के चलते हरबंस को एक बच्चे की तलाश थी।

## गुजारा भत्ता ना देना पड़े, पूर्व पति ने कर दी पत्नी की हत्या

**गाजियाबाद।** 21 जनवरी सुबह दस बजे के आस-पास अगवा हुई मधु शर्मा पुत्री वीके शर्मा निवासी ब्रह्मपुरी मोदीनगर के मर्डर का खुलासा एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय की अगुवाई में मोदीनगर थाने के एसएचओ प्रशांत कुमार त्यागी की टीम ने कर दिया।

इस खुलासे के दौरान पुलिस ने मृतका मधु शर्मा के पूर्व पति सोनू शर्मा पुत्र महेश शर्मा निवासी चुडियाला भोजपुर को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार पूछताछ में पत्नी का कत्ल करने वाले सोनू शर्मा ने बताया कि उसका तलाक मधु शर्मा से हो गया था। उसके बाद उसने दूसरी लड$की से शादी भी कर ली थी। मधु शर्मा द्वारा गुजारा भत्ते के लिये जो केस किया था उसमें वह जीत गई थी।

# सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों पर चला पुलिस का हंटर, एक रात में 761 लोग पहुंचे हवालात

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने की बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर एक बड़ी कार्रवाई की। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन- शहर, देहात और ट्रांस हिंडन में चलाए गए 3 घंटे के विशेष अभियान में रिकॉर्ड 761 लोगों को गिरफ्तार किया गया। शहर जोन में सबसे ज्यादा 331 लोगों को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी राजेश कुमार के अनुसार, कोतवाली नगर से 62, विजयनगर से 55, सिहानी गेट से 30, नंदग्राम से 74, कवि नगर से 53 और मधुबन बापूधाम से 57 लोगों को पकड़ा गया। वहीं ट्रांस हिंडन जोन में डीसीपी निमिष पाटिल के नेतृत्व में 148 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें इंदिरापुरम से 27, कौशांबी से 18, खोड़ा से 25, साहिबाबाद से 19, लिंक रोड से 16, शालीमार गार्डन से 8 और टीला मोड़ से 35 लोग शामिल हैं। पिछले एक महीने से चल रहे इस अभियान में यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को थाने लाया गया, जहां मेडिकल जांच के बाद उनका 34 पुलिस एक्ट के तहत चालान किया गया। अभियान में सभी एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी शामिल रहे। पुलिस के अनुसार, सड़कों पर खुलेआम शराब पीने से आम नागरिकों को होने वाली परेशानी को देखते हुए यह कार्रवाई की गई। डीसीपी देहात सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया इसी तरीके से इस 3 घंटे के अभियान में देहात जोन में पुलिस ने 282 लोगों को पकड़ा। जिसमें से थाना लोनी में 47 ट्रोनिका सिटी में 20 अंकुर विहार में 06 लोनी बॉर्डर में 33 मसूरी में 21 मुरादनगर में 31 मोदीनगर में 37 निवाड़ी में 22 भोजपुर में 15 वेव सिटी में 15 क्रॉसिंग रिपब्लिक में 35 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर दो लोगों से 88 लाख रुपये की ठगी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साइबर अपराधियों ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर दो लोगों से 88 लाख रुपये ठग लिए।

जालसाजों ने ऑनलाइन मुनाफा दर्शाकर वसुंधरा सेक्टर-नौ निवासी पीड़ित से 80.50 लाख रुपये ठगे तो स्कार्डी ग्रीन सोसाइटी में रहने वाले पीड़ित से 7.80 लाख रुपये ठग लिए। ठगी के संबंध में पीड़ितों ने साइबर थाने में शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर जालसाजों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। वसुंधरा सेक्टर-नौ निवासी श्याम प्रताप सिंह का कहना है कि पल्लवी नाम की महिला ने उनसे व्हॉट्सऐप पर संपर्क किया। उसने यूपीस्टॉक्स वेल्थ मैनेजमेंट नामक कंपनी की प्रतिनिधि बताते हुए उनके सामने शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर मोटा पैसा कमाने का प्रस्ताव रखा। इसके बाद उन्हें 24 दिसंबर को एक व्हॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया। इस ग्रुप में करीब 200 लोग जुड़े हुए थे तथा ग्रुप में शेयर ट्रेडिंग से संबंधित दिशा-निर्देश दिए जाते थे। यह कार्रवाई यूपी इंस्टीट्यूशन ऐप के जरिये की जाती थी। श्याम प्रताप सिंह के मुताबिक उन्होंने पल्लवी के कहने पर गूगल प्ले स्टोर से यूपीस्टॉक्स का ऐप डाउनलोड कर लिया और उस पर यूजरनेम और पासवर्ड बनाया। इसके बाद उन्हें एक अन्य व्हॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया, जिसमें उनके अलावा चार सदस्य और थे, जो ग्रुप एडमिन थे। श्याम प्रताप सिंह के मुताबिक इस ग्रुप पर पैसा निवेश करने के लिए खाते उपलब्ध कराए जाते थे। पैसा ट्रांसफर करने पर ग्रुप में स्क्रीनशॉट भेजना पड़ता था। श्याम प्रताप सिंह का कहना है कि उन्होंने नौ जनवरी 2025 से पैसा निवेश करना शुरू किया। ऑनलाइन मुनाफा देख वह झांसे में आ गए और 22 जनवरी 2025 तक कुल 80.50 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। 20 जनवरी को उन्होंने एक लाख रुपये निकालने चाहे तो यह रकम उनके खाते में आ गई। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने अपनी बाकी रकम वापस मांगी तो जालसाज टैक्स बताते हुए 45 लाख रुपये जमा करने के लिए कहने लगे।

इस पर उन्हें ठगी का अहसास हुआ। उन्होंने यूपीस्टॉक्स कंपनी को मेल भेजकर शेयर ट्रेडिंग में इस्तेमाल की गई ऐप के बारे में पूछा तो कंपनी ने ऐप को अपने से संबंधित न होने की जानकारी दी। फर्जीवाड़ा पता लगने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया।